दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 283 | जयपुर | रविवार, 18 अगस्त, 2024 | श्रावण, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अमित शाह बोले- बीजेपी 25 साल और सत्ता में रहेगी : पार्टी की जड़ें-संगठन दोनों बहुत मजबूत; 1 सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भाजपा मुख्यालय में शनिवार (17 अगस्त) को पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव और प्रभारी पहुंचे थे। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हुए।

बैठक में शाह ने कहा, 35 साल तक बीजेपी को कोई हिला नहीं सकता। बीजेपी 25 साल तक सत्ता में रहेगी, क्योंकि पार्टी की जड़ें और संगठन दोनों बहुत मजबूत हैं। बीजेपी जहां सत्ता में आती है, वहां से जाती नहीं और कांग्रेस जहां सत्ता में आती है, वहां फिर आती नहीं।

पार्टी प्रवक्ता सांसद संबित पात्रा ने बताया कि बैठक राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की तैयारियों को लेकर थी। इसमें राष्ट्रीय टोली और प्रदेश टोलियों की घोषणा की गई। विनोद तावड़े को अभियान का संयोजक बनाया गया है। पार्टी का लक्ष्य 10 करोड़ से ज्यादा सदस्यों को जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सदस्यता अभियान दो चरणों में पूरा होगा। इसका पहला चरण 1 सितंबर से शुरू होगा। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वे इस अभियान में शामिल नहीं हैं। वहां चुनाव के बाद अभियान चलाया जाएगा।

### पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर भी हो रही है चर्चा

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पार्टी में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर भी चर्चा चल रही है। जेपी नड्डा जून 2019 में पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे। इसके बाद 20 जनवरी 2020 को पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए।

फरवरी 2024 में उनका कार्यकाल जून 2024 तक बढ़ाया गया था। लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार 3.0 में उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया गया। भाजपा में एक व्यक्ति एक पद का नियम है, इसलिए नड्डा का अध्यक्ष पद छोड़ना तय है।

भाजपा अध्यक्ष को लेकर 2 विकल्पों पर चर्चा हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर पार्टी अध्यक्ष को लेकर भाजपा और ऋस्स नेताओं की बैठक हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, नए अध्यक्ष को लेकर दो बातों पर चर्चा हुई। पहला- जल्द ही कोई कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाए, उसे ही बाद में अध्यक्ष का जिम्मा मिले। दूसरा- महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के विधानसभा चुनावों के बाद नए कार्यकारी अध्यक्ष की घोषणा हो।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त

भाजपा ने शनिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए सदस्यता अभियान प्रभारी नियुक्त किए हैं। सूत्रों के अनुसार, पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम को पश्चिम बंगाल, सिक्किम, त्रिपुरा और ओडिशा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, लद्दाख और चंडीगढ़ में सदस्यता अभियान का काम देखेंगी। डी पुरंदेश्वरी को केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु जबकि अरविंद मेनन को अंडमान और निकोबार, आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और तेलंगाना का प्रभार दिया गया है। राजदीप रॉय- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड का काम देखेंगे। विजया रहाटकर को छत्तीसगढ़ और कर्नाटक के अलावा ऋतुराज सिन्हा को उत्तर प्रदेश और गुजरात के सदस्यता अभियान के प्रभारी होंगे। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग उत्तराखंड और बिहार के प्रभारी होंगे।



## कर्नाटक सीएम के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा

### सिद्धारमैया पर जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट्स लगाने का आरोप



बढ़ता राजस्थान

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ जमीन से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में केस चलेगा। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शनिवार (17 अगस्त) को इसकी आधिकारिक अनुमति दे दी है। सिद्धारमैया पर मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन के मुआवजे के लिए फर्जी दस्तावेज लगाने का आरोप है। 26 जुलाई को राज्यपाल ने नोटिस जारी कर सीएम से 7 दिन में जवाब मांगा था। 1 अगस्त को कर्नाटक सरकार ने राज्यपाल को नोटिस वापस लेने की सलाह दी और उन पर संवैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। एमयूडीए घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और कुछ अधिकारियों के खिलाफ शिकायत की गई है। एक्टिविस्ट टी. जे. अब्राहम, प्रदीप और स्नेहमयी कृष्णा का आरोप है कि सीएम ने एमयूडीए अधिकारियों के साथ मिलकर महंगी साइट्स को धोखाधड़ी से हासिल करने के लिए फर्जी दस्तावेज लगाए। साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने कुछ जमीन रिहायशी इलाके में विकसित करने के लिए किसानों से ली थी।

#### सिद्धारमैया की पत्नी की 3 एकड़ जमीन से जुड़ा है एमयूडीए घोटाला

दरअसल, सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती के पास मैसुरु जिले के केसारे गांव में 3 एकड़ और 16 गुंटा जमीन थी। ये जमीन पार्वती के भाई मल्लिकार्जुन ने उन्हें 2010 में गिफ्ट में दी थी। एमयूडीए ने इस जमीन को अधिग्रहण किए बिना ही देवनूर स्टेज 3 लेआउट विकास किया था। हालांकि इस जमीन के बदले 2022 में बसवराज बोम्मई सरकार ने पार्वती को साउथ मैसुरु के पॉश इलाके में 14 साइट्स दिए थे। इनका 50 :50 अनुपात योजना के तहत कुल 38,283 वर्ग फीट एरिया था।

## राजस्थान में भारी बारिश, जैसलमेर में 5 इंच पानी बरसा

### जोधपुर में गांव-ढाणियों में जलभराव; सवाई माधोपुर में बाइक के साथ नदी में बहा युवक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में भारी बारिश का दौर जारी है। जैसलमेर, नागौर, बीकानेर, गंगानगर, जोधपुर के एरिया में 1 से लेकर 5 इंच तक बरसात हुई। भारी बारिश के कारण जैसलमेर में कई जगह जलभराव की स्थिति बन गई।

मोहनगढ़ कस्बे में बारिश ने हालात बिगाड़ दिए। यहां निचली बस्तियों में पानी भर गया। यहां भाट बस्ती, भील बस्ती, जोगी बस्ती और गवारिया बस्ती के करीब 500 लोगों को मोंटेंसरी स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल समेत कृषि मंडी आदि में शिफ्ट किया गया।

#### मोरेल पुलिया पर पानी के तेज बहाव में बहा युवक

जयपुर जिले में भारी बारिश के चलते मोरेल बांध में लगातार पानी की आवक बढ़ रही है। बांध के ओवरफ्लो होने के बाद मोरेल नदी में तेजी से पानी बढ़ रहा है, जिसके चलते एक बार फिर सवाई माधोपुर-गंगापुर सिटी मार्ग पर बहतेंड़ गांव के पास मोरेल नदी की पुलिया पर 2 फीट से ज्यादा पानी की चादर चल रही है। लोग जान जोखिम में डालकर रास्ता पार कर रहे हैं। जिसके चलते शनिवार को एक बड़ा हादसा सामने आया।

पानी के तेज बहाव में एक युवक बाइक सहित बह गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने युवक बाइक सहित सुरक्षित मोरेल नदी से बाहर निकाला। घटना की सूचना के बाद मलारना डूंगर और बाटोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मोरेल नदी की पुलिया पर हो रही भीड़ को खदेड़ा गया।



#### जोधपुर में बारिश से खेतों में भरा पानी

जोधपुर के लोहावट क्षेत्र में दो दिन से हो रही लगातार बारिश से गांव-ढाणियां और खेत जलमग्न हो गए हैं। लोहावट के पास गांव विष्णु नगर नेड़ानगर, विश्नावास,संगीत कॉलोनी में जलभराव की स्थिति के चलते 150 घर पानी से घिर गए है। खेतों में जलभराव होने से बाजरा,ग्वार सहित खरीफ फसलों को नुकसान हुआ है। मगरा से निकलने वाले तेज बहाव के पानी ने जोधपुर-फलोदी स्टेट हाईवे रुपाणा जेताणा , विष्णु नगर के खेतों व ढाणियों को पानी में घेर लिया। शुक्रवार को लोहावट क्षेत्र में 61 एमएम तक बारिश रिकॉर्ड दर्ज किया गया। तेज बारिश जलभराव से शुक्रवार को लोहावट में 50 से ज्यादा कच्ची रहवासी-ढाणियां ध्वस्त हो गई।

#### एनीकट टूटा,लीलड़ी नदी में पानी का बहाव तेज

पाली जिले में सोजत इलाके में बह रही लीलड़ी नदी में 32 पुलिया पर पानी का बहाव बढ़ गया है। धारेश्वर महादेव के पास एनीकट टूटने से अचानक पानी बढ़ गया। इस पर प्रशासन ने इस रास्ते पर आवाजाही बंद करवा दी है।

#### चाचा-भतीजा पानी के तेज बहाव में बहे, 1 को ग्रामीणों ने निकाला

जयपुर जिले के चाकसू में कृपारामपुरा गांव की बांडी नदी पर बने एनीकट में शनिवार सुबह 9 बजे चाचा-भतीजा पानी के तेज बहाव में बह गए। भतीजा रवि (18) कुछ दूरी पर पेड़ में अटक गया, जिसे स्थानीय लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि गणेश शर्मा (35) लापता हो गया है। सूचना मिलने पर चाकसू पुलिस और स्ष्ठऋ की टीम मौके पर पहुंची और सुबह 10 बजे सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शाम तक गणेश शर्मा का कोई सुराग नहीं लगा।

## जस्टिस गवई बोले- देश की संपत्ति चुनिंदा हाथों में : कुछ को दो वक्त का खाना नहीं; एक जगह मिली समानता बाकी में अंधा नहीं बना सकती

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने को दुख जताते हुए कहा कि देश की पूरी संपत्ति चंद लोगों के हाथों में है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो दो वक्त की रोटी नहीं जुटा पाते। हमें आर्थिक रूप से इस भेदभाव को दूर करना होगा। जस्टिस गवई ने डॉ भीमराव अंबेडकर के 1949 में दिए गए एक कोट का जिक्र करते हुए कहा- राजनीतिक क्षेत्र में वोटिंग का समान अधिकार हमें अन्य क्षेत्रों में असमानता के प्रति अंधा नहीं बना सकता। जस्टिस गवई केरल हाईकोर्ट के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में कमी को कैसे दूर किया जाए, इस पर चर्चा की।

#### गवई बोले- एक व्यक्ति-एक वोट अधिकार मिला, आर्थिक समानता का क्या

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने कहा, डॉ अंबेडकर चाहते थे कि राजनीति में एक व्यक्ति, एक वोट का प्रावधान हो। यह करके उन्होंने समानता का अधिकार तो दिया, लेकिन आर्थिक और सामाजिक न्याय असमानता के बारे में क्या? हमारे पास एक ऐसा समाज है जो कई कैटेगरी में बंटा हुआ है। लोग एक से निकलकर दूसरे में नहीं जा सकते। इसलिए, उन्होंने (डॉ. अंबेडकर ने) हमें चेतावनी दी कि हमें इन असमानताओं को मिटाने के लिए हर संभव प्रयास करने होंगे। यदि हम ऐसा नहीं करते हैं तो लोकतंत्र की वह इमारत ढह जाएगी जिसे हमने इतनी मेहनत से बनाया है।

#### जस्टिस गवई बोले- कोर्ट, जज और वकील आम नागरिकों के लिए हैं

जस्टिस गवई ने आगे कोर्ट में टेक्नोलॉजी के बढ़ते उपयोग पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा- टेक्नोलॉजी ने लाखों भारतीय नागरिकों को राहत प्रदान की है। 2020 के बाद हमने देखा है कि पूरे देश में टेक्नोलॉजी में काफी प्रगति हुई है। हम एआई का भी उपयोग कर रहे हैं। कोर्ट के फैसलों को विभिन्न स्थानीय भाषाओं में ट्रांसलेट किया जाता है।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, केंद्र बोला- डॉक्टर हड़ताल खत्म करें

### सुरक्षा के लिए कमेटी बनाएंगे; आईएमए ने 24 घंटे के लिए काम रोका

बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर की घटना के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल का शनिवार को 8वां दिन है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने भी 24 घंटे के लिए अस्पतालों में सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं चालू रखने की बात कही है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने डॉक्टर्स से हड़ताल खत्म करने को कहा है। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा- डॉक्टरों की मांग को लेकर कमेटी बनाई जाएगी। सुरक्षा के लिए राज्य सरकारों से भी सुझाव मांगे जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय के इस फैसले के पहले आईएमए चीफ ने शनिवार को कहा- इमरजेंसी सेवाएं छोड़कर अस्पतालों में कामकाज बंद है। हमारी मांग है कि डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हमने ऐसा कुछ नहीं मांगा जो सरकार नहीं कर सकती है। दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद आईएमए ने देशभर में प्रदर्शन का फैसला किया था।

## ग्लोबल साउथ की ताकत इसकी एकता : पीएम मोदी

### फूड और एनर्जी सिक्योरिटी सबसे बड़ी चुनौती; बिजनेस बढ़ाने के लिए 21 करोड़ का फंड बनाएगा भारत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकासशील देशों की फूड और एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर दुनिया भर में चल रही अनिश्चितता पर चिंता जताई। ये बात पीएम मोदी ने शनिवार (17 अगस्त) को वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को संबोधित करते हुए कही। ग्लोबल साउथ के इस इवेंट की मेजबानी भारत कर रहा है।

पीएम ने समिट में शामिल देशों को डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर समेत बाकी दूसरे प्रमुख क्षेत्रों में उन्हें पूरा समर्थन का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा- वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट एक ऐसा मंच है, जहां हम उन लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को आवाज दे रहे हैं, जिन्हें अनसुना किया गया। मोदी ने विकास में भागीदार देशों की मदद के लिए ग्लोबल डेवलपमेंट कॉम्पैक्ट का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि भारत बिजनेस बढ़ाने वाली गतिविधियों के लिए 2.5 मिलियन डॉलर (करीब 21 करोड़ रुपए) का स्पेशल फंड शुरू करेगा।



#### ग्लोबल साउथ की ताकत इसकी एकता में है इसके बल पर हम एक नई दिशा की ओर बढ़ेंगे

हम ऐसे समय मिल रहे हैं, जब चारों तरफ अनिश्चितता का माहौल है। दुनिया अभी भी कोविड के असर से पूरी तरह उबरी नहीं है। दूसरी ओर, युद्ध जैसे हालात ने हमारी विकास यात्रा में चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। हम न केवल जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, बल्कि हेल्थ, फूड और एनर्जी सिक्योरिटी को लेकर भी हमारी चिंताएं बढ़ गई हैं। आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद समाज के लिए गंभीर खतरा बने हैं। टेक्नोलॉजी डिविजन और इससे जुड़ी नई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां भी उभर रही हैं।

#### क्या है ग्लोबल साउथ

2022 में जब भारत में जी20 समिट हुआ, तब जी20 को नया ढांचा देने के लिए वॉइस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट शुरू हुआ। भारत ने ग्लोबल साउथ की उम्मीदों, आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं के आधार पर जी20 एजेंडा तैयार किया था। वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट की दूसरी समिट का आयोजन 15 नवंबर 2023 को हुआ था। पहली समिट12-13 जनवरी 2023 को वर्चुअली हुई थी। इस अनूठी पहल के तहत ग्लोबल साउथ के 125 देश शामिल हुए थे। ग्लोबल साउथ 100 से ज्यादा देशों का समूह है। दुनिया को आर्थिक और सामाजिक आधार पर 2 हिस्सों में बंटा हुआ माना जाता है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# माहवारी और महिला स्वास्थ्य पर खुलकर बात करे समाज : दीया कुमारी

## उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज में परिजनों को बच्चों का दोस्त बनना चाहिए, उन्हें हाइजीन जैसे बिंदुओं पर जागरूक करें

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** प्रजना फाउंडेशन और ब्रह्मोस एयरोस्पेस के महिलाओं में स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर प्रारंभ किए गए प्रोजेक्ट किशोरी का शुभारंभ जयपुर के वैशाली नगर स्थित खण्डेलवाल गर्ल्स कॉलेज सभागार में प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने किया।

इस प्रोजेक्ट के तहत प्रदेशभर में जागरूकता कार्यशाला के अलावा महिलाओं-बेटियों में हाईजीन-स्वास्थ्य के लिए किशोरी किट वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए दीया कुमारी ने कहा कि महिला का जीवन बहुत संघर्षमय होता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि प्रोफेशनल्स हैं तो उनके जिम्मे दोहरी जिम्मेदारी हैं। इसलिए वे स्तुत्य हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीरियड्स शर्म की बात क्यों मानी जाती हैं। इस पर चर्चा होनी चाहिए, संकोच नहीं। स्कूल में आजकल बात होती है, लेकिन वहां का वातावरण अलग है। इसलिए इस महत्वपूर्ण विषय पर घर में बात होनी चाहिए, संजीदगी से बात होनी चाहिए। सभी लोग मिलकर ही इस बदलाव को ला सकेंगे। इस बिंदु पर बात करने के लिए पुरुषों का रोल बड़ा है, इसे समझना होगा। उन्होंने कहा कि केवल माहवारी ही क्यों, अन्य विषयों पर भी बात की जानी चाहिए। हमारी पीढ़ी भटक रही है। वह काउंसलर के पास जाकर बात करती है, लेकिन परिजनों से नहीं। ऐसा इसलिए है कि माता-पिता से संकोच करते हैं, एक दीवार सी खड़ी हो गई है। परिजनों और बच्चों के बीच। इसलिए हमें बच्चों का दोस्त बनना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तिकरण के लिए खूब योजनाएं प्रारंभ की। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंची राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन विशेष केन्द्र जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली की सहायक प्रोफेसर डॉ. आयुषी केतकर ने कहा कि एक महत्वपूर्ण विषय पर बात करने के लिए प्रजना फाउण्डेशन की पहल स्तुत्य है।

माहवारी को पढ़ा-लिखा समाज भी टैबू मानता है। यह सबसे बड़ी चिंता का विषय बनता है। महिला का स्वास्थ्य अंतिम प्राथमिकता क्यों हो जाता है, वह भी उस देश में जहां मातृशक्ति पूजनीय कही जाती हैं। ऐसे में हमें इसे पहली प्राथमिकता में लाना होगा। एक मां, बहन, पत्नी, बेटी के रूप में महिलाओं की प्राथमिकता परिवार के अन्य सदस्य हो जाते हैं। परन्तु महिला का स्वास्थ्य समाज की पहली प्राथमिकता होगी तो एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण अपने-आप प्रभावी होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पुरुषों को भी आगे आना होगा। प्रजना फाउण्डेशन की चेयरपर्सन प्रीति शर्मा ने बताया कि यह संगठन कैसे शुरू हुआ और समाज के ठेठ निचले तबके तक काम करने के भावों के साथ काम कर रहा है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सम्बोधित करते हुए रोहित अस्पताल की निदेशक डॉ. शैलजा जैन ने भी वीमेन हाइजीन विषय पर उपयोगी जानकारी दी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस की बीएमकेसी उप प्रबंधक श्रीमती सरिता वाघटे ने प्रोजेक्ट किशोरी और ब्रह्मोस के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन विवेकानंद शर्मा ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाओं को हाईजीन किट भी वितरित किए गए। वहीं विद्यालयों में किशोरी क्लब के माध्यम से बालिकाओं में जागरूकता लाने के लिए क्लब का गठन भी किया गया। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और अतिथियों ने किशोरी क्लब के पोस्टर का विमोचन भी किया।

# 23 अगस्त से जवाहर कला केन्द्र में फोटोग्राफी महाकुंभ सजेगा

## वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर डिस्प्ले होंगी राजस्थान में पहली बार 300 से अधिक फोटोग्राफर्स की 600 से ज्यादा तस्वीरें

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कहते हैं तस्वीर सब कुछ कहती है हर तस्वीर कहती नज़र आयेगी।जवाहर कला केंद्र की सहभागिता में राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर में इंटरनेशनल नज़र फोटो एग्जिबिशन का तीसरा सीजन वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर 23,24,25 अगस्त तक 3 दिवसीय आयोजन जवाहर कला केंद्र में किया जा रहा है।

यह राजस्थान का सबसे बड़ा फोटोग्राफी का महाकुंभ होगा, जिसमें की 300 से अधिक फोटोग्राफर भाग लेंगे। 600 से अधिक तस्वीरें डिस्प्ले होगी। इसमें राजस्थान से बीकानेर, अलवर, जोधपुर, अजमेर,सीकर,उदयपुर, और लखनऊ, सतना, इंदौर, हिमाचल, मुंबई, पंजाब, दिल्ली,झारखंड, उड़ीसा से ओर इंटरनेशनल एंट्री से इंग्लैंड, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम, आसट्रिया,दुबई,सिंगापुर, पेरिस,न्यू यॉर्क, साउथ अफ्रीका से भी फोटोग्राफर भाग ले रहे हे। और इसमें राजस्थान के जाने-माने हस्तियां भी सम्मिलित होंगे, जिसमें आईएएस, आईपीएस, जिला कलेक्टर, आरएस, आईएफएस अधिकारी व भी अपनी तस्वीरें प्रदर्शित करेंगे, जिसे लोग देख सकेंगे। इसी के साथ जयपुर के फोटो जर्नलिस्ट और राजस्थान के फोटो जर्नलिस्ट, वाइल्ड लाइफ फोटोग्राफर, डॉक्टर, स्टूडेंट फोटोग्राफर भी एग्जीबिशन में भाग ले रहे हैं।

एग्जीबिशन के संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया इसमें भारत की संस्कृति के साथ खूबसूरत तस्वीरें देखने को मिलेगी, यह ऐसा मंच है जहां सभी फोटोग्राफरों को व फोटो जर्नलिस्ट को एक साथ लाया गया, जिसमें इनकी ओर से खींची गई तस्वीरों को लोग देख सकेंगे।

इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष ने पोस्टर विमोचन किया और एग्जिबिशन उद्घाटन के लिए भी आमंत्रित किया है उन्होंने सराहना भी की एगजिबिशन की।

स्टूडेंट्स और सभी के लिए 1890 से ओल्ड विरासत कैमरे भी डिस्प्ले किए जायेंगे जिससे लोग देख सके और जानकारी प्राप्त कर सके।

एग्जीबिशन में पहली बार 3 फोटो ग्राफर और 2 फोटो जर्नलिस्ट का सम्मान कर नवाजा जायेगा। फोटोग्राफी से संबंधित कई सेशन और संवाद प्रवाह भी रखे हे जिसमे सभी फोटोग्राफर भाग ले सकते है।

# मां लक्ष्मी प्राप्ति एवम शिव के क्रूर रूप रुद्र के आशीर्वाद हेतु नर्बदेश्वर शिवलिंग पर किया गन्ने के रस से अभिषेक





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गौशाला के सदस्य श्री राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि श्रावण मास में श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर में 14 अगस्त से रुद्राभिषेक का आयोजन किया जा रहा है।

प्रदोष पूजा के अवसर पर शनिवार को भगवान शिव के सबसे क्रूर रूप भगवान रुद्र का आशीर्वाद प्राप्त करने एवं मां लक्ष्मी प्राप्ति हेतु शनिवार 17 अगस्त 2024 को सुरभि भवन श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर में संत श्री शिव चैतन्य जी महाराज के सानिध्य में एवम श्री अशोक जी महाराज के संयोजन में गन्ने के रस से अभिषेक किया गया। प्रदोष पूजा के अवसर पर 5100 किलो गन्ने के रस से 511 जोड़ो ने सामूहिक रूप से अभिषेक किया। अभिषेक के पक्ष टी भगवान शिव को चढ़ाए गए गन्ने के रस को एकत्रित कर गौशाला में स्थित 2700 गौ वंश को गन्ने का रस पिलाया गया। ठाकुर श्री गोविंद देव चतुर्वेद विद्यालय गुरुकुल के गुरुजी श्री नितिन तिवारी के नेतृत्व में 21 विद्यार्थियों ने भी भगवान शिव का अभिषेक किया। अभिषेक में शिवरतन चितलंगिया, राधेश्याम विजयवर्गीय, शंकर लाल सोनी, विवेक लड्डा, रमेश नईवाल,जुगल जैन, दिनेश गर्ग, रामावतार लकड़ा, विष्णु पारीक, उमाशंकर गुप्ता, अंकित गुप्ता, लक्ष्मीकांत मित्तल, गुलाब चंद कुमावत, कृष्णावतार गुप्ता, योगेंद्र लाभी,काना राम माली, हरिराम विजयवर्गीय, नवल किशोर विजयवर्गीय, अमित विजयवर्गीय, रतन लाल शर्मा, राजेंद्र जैन,घनश्याम नाटाणी, विमला शर्मा, शिमला विजयवर्गीय, रिद्धकरण गुप्ता, मनीष स्वामी, बृजेश तिवाड़ी सहित सैकड़ों शिव भक्तों ने भाग लिया।

# मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशन रेडियोलॉजी से बीमारी का सटीक डाइग्नोसिस से मिलेगी उपचार को सही दिशा

## मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स ने किया मंच साझा

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस के 12वें संस्करण का दूसरा दिन टॉक सेशन, लेक्चर और लाइव डेमोंस्ट्रेशन के नाम रहा। शनिवार को आयोजित सेरेमनी में मुख्य अतिथि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स साइंस के डायरेक्टर डॉ. भीभू कल्याण नायक और गेस्ट ऑफ ऑनर रेडियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ एमिरेट्स (दुबई) के चेयरमैन डॉ. अब्दुल्ला अलरेमैथी रहे। इस दौरान मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी के प्रेसिडेंट (एमएसएस) डॉ. जयराज गोविंदराज, ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. एम.पी गोयल, डॉ. आनंद गुप्ता, एमएसएस जनरल सेक्रेटरी डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. गौरव कांत शर्मा, डॉ. अभिमन्यू केलकर, आईआरआईए प्रेसिडेंट वाराप्रसाद वेमुरी, आईआरआईए जनरल सेक्रेटरी डॉ. मुरली कृष्ण मौजूद रहे। स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट पेन, नर्व पेन जैसी मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं के निदान के लिए बिना सर्जरी एडवांस टेक्नोलॉजी व विकल्पों पर प्रकाश डालने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य ये यह आयोजन किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस में 21 देशों के 750 से अधिक डेलीगेट्स हिस्सा ले रहे हैं। डॉ. भीभू कल्याण नायक ने बताया कि स्पोर्ट्स इंजरी, ज्वाइंट पेन, नर्व पेन जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी की भूमिका स्टेथोस्कोप की तरह है। इससे आप समस्या की जड़ और कारण का तुरंत पता लगा सकते है। सही डाइग्नोस के बाद ही इलाज को सही दिशा मिलती है। इसके बाद उपचार की पद्धति तय की जाती है और पता चलता है कि मरीज कितने समय में रिकवर हो सकता है। उन्होंने कहा कि मस्कुलोस्केलेटल सोसाइटी ने दुनियाभर से एक्सपर्ट्स को एक मंच पर लाकर तकनीक साझा करने और सभी को मॉर्डन प्रोसिजर से रूबरू कराने का प्रशंसनीय प्रयास इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से किया है। डॉ. अब्दुल्ला अलरेमैथी ने कहा कि इस कॉन्फ्रेंस और वर्कशॉप का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, मैं वक्ताओं की क्षमता से बहुत प्रभावित हूं।

यह स्पष्ट है कि भारत मस्कुलोस्केलेटल इमेजिंग की दिशा में उन्नत तकनीकों की ओर बढ़ रहा है। शनिवार को आर्थराइटिस डाइग्नोसिस, क्रिस्टल आर्थोपैथी, सेरोनेगेटिव आर्थराइटिस, केस बेस्ड आर्थराइटिस चैलेंज, शोल्डर स्पेक्ट्रम समेत अन्य सब्जेक्ट्स पर लेक्चर, पैनल डिस्कशन, मोटिवेशनल सेशन, क्विज आदि का आयोजन किया गया। इससे पहले मस्कुलोस्केलेटल अल्ट्रासाउंड, एमआरआई से ज्वाइंट्स की बीमारियों को डाइग्नोस करने के लिए बेसिक और एडवांस लेवल वर्कशॉप और कैडेवर पर डिजीज ट्रीटमेंट वर्कशॉप आयोजित की गयी थी। रविवार को विभिन्न विषयों पर टॉक, लेक्चर होंगे। ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी एवं डायरेक्टर, जयपुर इंस्टीट्यूट ऑफ पेन एंड स्पोर्ट्स इन्जुरीज़ के अध्यक्ष डॉ. गौरव कान्त शर्मा ने बताया कि मस्कुलोस्केलेटल इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट की संख्या देश में बहुत कम है। इस कॉन्फ्रेंस में एक्सपर्ट्स के मार्गदर्शन में वर्कशॉप, लेक्चर, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और केस स्टडीज के जरिए डॉक्टर के साथ एडवांस टेक्नोलॉजी साझा की जा रही है।

# रावत को स्वाधीनता दिवस पर कैबिनेट मंत्री ने किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिले के भैरूखेडा ग्राम पंचायत निवासी गणपतसिंह रावत को हाईवे पर बैठे आवारा पशुओं को रेडियम लगाने और सडक दुर्घनाओं से बचाने के लिये 78वां स्वाधीनता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान गणपतसिंह रावत को पुरस्कृत किया गया। श्री रावत ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत एक पेड मां के नाम, सडक सुरक्षा कार्यक्रम में लिये व हाईवे पर बैठे जानवरों के गले व सींग पर रेडियम पट्टिया आदि लगाकर उन्हें सुरक्षित करने आदि मामले को लेकर पुरस्कृत किया गया हैं।

# शिवकुमार विजय बुटेरी वाले ने अध्यक्ष पद के लिए भरा नामांकन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विजयवर्गीय वैश्य राजसेवक परिषद, संगम,सेक्टर 26 के अध्यक्ष पद हेतु शिवकुमार विजय बुटेरी वाले द्वारा अपना नामांकन भरा गया । इस अवसर पर परिषद के सदस्यों की एक बड़ी संख्या मौजूद थी, जो उनके समर्थन में उपस्थित हुए। चुनाव अधिकारी मोहनलाल विजय, सहायक चुनाव अधिकारी नरेंद्र कुमार गुप्ता और श्रीमती सुमन विजय भी इस प्रक्रिया में शामिल हुए। नामांकन के दौरान उमाकांत विजय खेड़ा कल्याणपुर, बनवारी लाल विजय बांदीकुई, नंदकिशोर बसवा, रामबाबू विजय भरथला, अशोक कुमार विजय मुरलीपुरा, बाबूलाल विजय मालवीय नगर, ओमप्रकाश गुप्ता मालवीय नगर, देवेंद्र विजय बांदीकुई, उमाशंकर विजय ,रतनलाल विजय राजगढ़, नंदकिशोर विजय बांदीकुई, राजेश कुमार विजय बांदीकुई, महेश विजय, राजेंद्र कुमार विजय, मनीष कुमार गुप्ता, सुनील कुमार विजय सिकंदरा, रमेश चंद मालपुरा, शंभू दयाल विजय कुंडल आदि उपस्थित रहे।

# धन्यवाद सरकार लाखों घुमंतू-बेसहारा लोगों को मिला सहारा

## दो अक्टूबर को सामूहिक रूप से पट्टे देने के आदेश के बाद गरीब लोगों में खुशी की लहर दौड़ी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान में आजादी से पूर्व से ही खानाबदोश तथा बेघरबार जीवन जीने के लिए मजबूर लाखों घुमंतु परिवार तथा खानाबदोश लोगों को राजस्थान सरकार के दो अक्टूबर को सामूहिक रूप से पट्टे देने के आदेश के बाद इन गरीब लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। घुमंतू समाज के उत्थान के लिए लंबे समय से संघर्षरत भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी ने पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा ग्राम सभाओं के माध्यम से राजस्थान भर में दो अक्टूबर को लाखों की संख्या में घुमंतू तथा खानाबदोश लोगों को पट्टे देने के आदेश से प्रफुलित होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित बीजेपी सरकार को धन्यवाद दिया है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार ने बताया कि भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के हजारों कार्यकर्ता इस दिशा में पिछले कंई वर्षों से संघर्षरत रहे हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी ने घुमंतू समाज के नेताओं से तथा समिति के पदाधिकारियों से आवाहन किया है कि वह घरों से निकलकर सरकार के इस क्रांतिकारी फैसले को पंचायत स्तर पर लागू करवाने में अपना सहयोग प्रदान करें। सरकार के घुमंतू समाज को पट्टे देने की घोषणा के बाद भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार के साथ घुमंतू समाज के पंच पटेल सहित समाज की कार्यकर्ता बहनों ने सरकार का हाथ उठाकर अभिवादन किया और सभाएं पूरे प्रदेश में शुरू करने की घोषणा की ताकि। इस घोषणा को अमली जामा पहनाकर समाज को बेघरबार तथा खानाबदोश जीवन के अभिशाप से मुक्ति दिला सकें।

# नकबजनी की वारदात करने वाला आया पुलिस गिरफ्त में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन को धर-दबोचा है। साथ ही पुलिस ने आरोपित के पास से नकबजनी की वारदात में चोरी गया लैपटॉप सहित अन्य सामान भी जब्त किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले एक शातिर नकबजन प्रेमवीर परमार उर्फ नंदा निवासी खैरागढ़ जिला आगरा (उत्तर प्रदेश) हाल मानसरोवर को गिरफ्तार किया है।

# एलोपैथिक चिकित्सकों के हड़ताल के दौरान आयुष विभाग बना मरहम : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** आयुष विभाग हड़तालों के दौरान हमेशा आमजन में विश्वास जगाता रहा है। आयुष विभाग में आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक विभाग आते हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में जब भी समस्या आती हैं आयुष विभाग हमेशा आमजन के लिए मरहम का कार्य करता आ रहा है। तीनों पैथियों के चिकित्सक और कर्मचारी 24 घण्टे तैनात रह कर आमजनों की चिकित्सा करते रहें हैं।

# सहायक पुलिस उपनिरीक्षक दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की भीलवाड़ा-द्वितीय टीम ने कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना बनेड़ा जिला शाहपुरा के सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) मदनलाल वैष्णव को परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भीलवाड़ा-द्वितीय टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि एक्सीडेंट में प्रकरण में त्वरित कार्यवाही कर चालान पेश न्यायालय करने की एवज में सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) मदनलाल वैष्णव की ओर से पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत राशि की मांग की जा रही है। एसीबी की भीलवाड़ा-द्वितीय टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराज सिंह चारण के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) मदनलाल वैष्णव को दस हजार रूपये की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया गया है।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के मॉप-अप दिवस में वंचित बच्चों को खिलाई कृमिनाशक दवा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शनिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) का मॉप-अप दिवस आयोजित हुआ। इसमे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मे वंचित रहे बच्चों को चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, समस्त विद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थाओं, तकनीकी संस्थाओं, मदरसों के माध्यम से एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि कृमि संक्रमण से बच्चो के शारीरिक विकास, हीमोग्लोबिन स्तर, पोषण और बौद्धिक विकास पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसे रोकने हेतु निश्चित समयान्तराल पर कृमि मुक्ति दवा खिलाने से कृमि संक्रमण के फैलाव को रोका जा सकता है। मॉप-अप दिवस पर 1-5 वर्ष तक की उम्र के बच्चों और 6-19 वर्ष तक की उम्र के वंचित बच्चों और किशोर-किशोरियों को कृमि मुक्ति की दवा (एलबेंडाजोल) खिलाई गई। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम (परिवार कल्याण ) डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस एक राष्ट्रव्यापी आगंनवाड़ी तथा स्कूल आधारित कृमि मुक्ति कार्यक्रम है।

# श्री सीमेन्ट के गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों मे हुई मौत, श्री सीमेन्ट प्रबन्धकों ने शव को आनन-फानन में रखवाया ब्यावर के मोर्चरी में

## परिजनों ने जताया रोष बाद में स्वीकारा और दिया मुआवजा व एक युवक को नौकरी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (विष्णु दत्त धीमान)।** ब्यावर की श्री सीमेन्ट फेक्ट्री में कार्य करने वाले एक गार्ड की मौत हो जाने के बाद श्री सीमेन्ट प्रशासन ने बजाय परिजनों को इत्तला देने के आनन-फानन में मृतक कर्मचारी के शव को ब्यावर के राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय के मोर्चरी कक्ष में रखवाकर अपनी इतिश्री कर ली। फैक्ट्री के प्रशासनिक अधिकारियों ने जरा सी भी मानवियता नहीं दिखाई कि मृतक गार्ड के परिजनों का इत्तला कर मौके पर बुला लेते अथवा घटना की सूचना दे देते। जानकारी यह भी मिली है मृतक कर्मचारी पिछले 16 वर्षो से फैक्ट्री में कार्यरत था जिसका मेडिकल रिपोर्ट भी फैक्ट्री की डिस्पेन्सरी में उपलब्ध नहीं था। जानकारी के अनुसार हरराजपुरा ग्राम पंचायत के बचपडी गांव निवासी जयसिंह रावत (50) की अचानक शुक्रवार शाम को ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों के कारण मौत हो गई। फैक्टी प्रशासन ने आनन-फानन में कहीं मामला फैक्ट्री के गले में फांस की हड्डी ना बन जाये तो बजाय एम्बुलेन्स के एक बोलेरो में मृतक गार्ड जयसिंह के शव को डालकर ब्यावर के चिकित्सालय पहुंचा दिया। इस मामले की जानकारी देर रात तक फैक्ट्री प्रबन्धन ने मृतक के परिजनों को नहीं दी और शव को मोर्चरी में रखवाकर अपनी इतिश्री कर ली। मृतक के बडे भाई चिमनसिंह रावत ने फैक्ट्री प्रबन्धन पर आरोप



लगाते हुए कहा कि एक्स आर्मी जयसिंह बडे होनहार व कर्मशील और स्वस्थ व्यक्ति थे। लेकिन फैक्ट्री में जहां उसकी मौत हुई उसका खुलासा फैक्ट्री प्रबन्धन नहीं कर रहा हैं। इतना ही नहीं फैक्ट्री के प्रबन्धकों ने गार्ड जयसिंह की तबियत खराब होने के साथ ही फैक्ट्री परिसर में बने चिकित्सालय में यदि उसे प्राथमिक उपचार दिया होता तो वह बच सकता था। इसके अलावा फैक्ट्री प्रबन्धक हर साल अचानक मौत के दौरान पीसीआर जैसी व्यवस्थाओं का कैम्प लगाकर मौत के मुंह से उन्हें निकालने जैसी ट्रेनिंगे दिया करते है उसका भी एक बार भी प्रयास नहीं किया। कुल मिलाकर फैक्ट्री प्रबन्धक मृत गार्ड कर्मचारी जयसिंह की मौत का जिम्मा स्वयं नहीं लेना चाहता था। उक्त घटना के बाद जब गार्ड जयसिंह की मौत का पता चला तो ग्रामीणों न परिजनों ने शुक्रवार शाम को जयसिंह की मौत का जिम्मेदार फैक्ट्री प्रबन्धक को बताया, जिन्होने लापरवाही व अनियमितता बरतते हुए परिजनों को बगैर सूचना किये मृतक गार्ड के शव को चिरघर के रखवाकर अपनी इतिश्री करना चाहते थे लेकिन ग्रामीणों ने फैक्ट्री प्रबन्धकों की एक नहीं चलने दी।

मृतक के परिजन, रिश्तेदार व ग्रामीण शुक्रवार शाम से ही मृतक को आर्थिक मुआवजा व उसके परिवार के बच्चे को नौकरी देने की मांग कर डाली। शनिवार को सुबह श्री सीमेन्ट फैक्ट्री के गेट पर मृतक जयसिंह के परिजन व सैकडों ग्रामीणों के साथ अपना विरोध प्रकट करना शुरू कर दिया। इस मौके पर ब्यावर सिटी थाना, सदर थाना, साकेत नगर, जवाजा व व्हीकल 112 आदि क्षेत्र के जाब्ते को बुलवाकर फैक्ट्री के मुख्य गेट पर तैनात करवा दिया। इस बीच तहसीलदार लालाराम यादव भी मौके पर पहुंचकर फैक्ट्री प्रबन्धकों का समर्थन करने लगे लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अडे रहे और तब तक पोस्टमार्टम नहीं कराने का निर्णय लिया जब तक मृतक के परिजनों की बात स्वीकार ना हो जाये। आखिर कुछ सरपंच व मृतक के परिजनों ने अपनी हठधर्मिता पर उतर आये जो मजबूर होकर प्रशासन को मृतक के परिवार की बात को स्वीकार करना पडा। मृतक के परिवार वालों को श्री सीमेन्ट अपनी ओर से 3 लाख रूपये का आर्थिक सहयोग व परिवार के सदस्य को स्थायी नौकरी देने का आश्वासन देकर मुख्य गेट पर दिये जा रहे धरने को समाप्त कराया।

### आखिर श्री सीमेन्ट प्रशासन की लापरवाही के चलते देना पडा मुआवजा और एक युवक को स्थायी नौकरी

श्री सीमेन्ट में कार्यरत गार्ड जयसिंह की मौत के बाद पल्ला झाड रहे श्री सीमेन्ट प्रबन्धकों को आखिर अपनी गलती का अहसास कर उन्हें मृतक परिवार के लोगो को आर्थिक सहायता व नौकरी देनी पडी। इस मामले में जब फैक्ट्री प्रबन्धक से बात करनी चाही तो वह बात करने से बचते नजर आये। यदि फैक्ट्री प्रबन्धन की गलती नहीं होती तो शायद यह मुआवजा और मृतक युवक के परिजन मे से किसी एक को नौकरी नहीं देनी पडती।

# सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पारीक स्वतन्त्रता दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर( नि.स. )।** युवा शक्ति मंच संस्थान सरदारशहर के बैनर तले होने वाले सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों में अग्रणी रहने वाले सरदारशहर निवासी अभिषेक पारीक को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चूरू के पुलिस लाइन मैदान मे जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी, पुलिस अधीक्षक जय यादव और चूरू विधायक हरलाल सहारण ने पारीक को सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पारीक द्वारा पर्यावरण संरक्षण और बेसहारा पशु पक्षियों के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की । एसबीआई बैंक में कार्यरत अभिषेक पारीक युवा शक्ति मंच संस्थान के बैनर तले पिछ्ले 15 वर्षों से सरदारशहर में सघन पौधरोपण अभियान, रक्तदान शिविर, जन जागरुकता के अनेकों कार्यक्रम सहित, सरदारशहर के सर्वांगीण विकास हेतु प्रत्येक कार्यक्रम में सहभागिता, कोरोना काल मे राजस्थान में सर्वप्रथम मास्क बनवाने व वितरण का कार्य, सरकारी दफ्तरों को सेनिटाइज ,दवा वितरण , सहयोग आहार किट वितरण, प्रशासन को सर्वप्रथम आर्थिक सहयोग राशि भेंट, स्वयं के तीन महीनों के वैतन से आक्सीजन कंस्ट्रक्टर भेंट, नववर्ष पर प्रतिवर्ष झुग्गी, झोपडीयों मे गर्म वस्त्र, दवाईयां , मिठाई वितरण कर बेसहारा लोगों का सहारा बने थे । इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्रा ने कहा यह समस्त ब्राह्मण समाज के लिए गौरव की बात है।

# पुलिस ने बाइक चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

## चोरी की बाइक भी की बरामद, वारदात के समय सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गए थे चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( नि.स. )।** अंता पुलिस ने बाइक चोरी के केस में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से बाइक भी बरामद कर ली है। पुलिस दोनों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान कर पाई है। अंता थाना अधिकारी दिग्विजय सिंह गुर्जर ने बताया- 12 अगस्त 2024 को महेन्द्र कुमार पुत्र नंदकिशोर, निवासी धतुरिया, थाना अंता ने पुलिस थाना अंता पर एक रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार, 8 अगस्त 2024 की रात लगभग 10.20 बजे, महेन्द्र कुमार अपनी हरे रंग की एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल से गढ़ेपन से अपने गांव धतुरिया जा रहे थे। गांव से करीब 2 किलोमीटर पहले, झुला लाइन खंभे के वो शौच के लिए रुके, तो उन्होंने मोटरसाइकिल साइड में खड़ी कर दी और शौच करने लगे। मोटरसाइकिल चाबी उन्होंने वहीं छोड़ दी थी। इतने में, पीछे से दो मोटरसाइकिल पर कुछ लोग आए और महेन्द्र की मोटरसाइकिल को स्टार्ट कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान कर ली गई। पुलिस ने कृष्ण मुरारी उर्फ कान्हा (21) और मयंक सुमन (19 को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया।



# न्यायिक कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर एडवोकेट अजीत सिंह हुए सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** यहां 78 वा स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम में एडवोकेट अजीत सिंह को उपखंड स्तर पर सम्मानित किया। उपखंड स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह गुरुवार को शहर के अटल उद्यान में मनाया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में न्यायिक कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने एवं उपलब्धियो पर



उपखंड अधिकारी दुर्गा प्रसाद मीणा और पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने अभिभाषक संघ देवली के अनुशंसा पर एडवोकेट अजीत सिंह को प्रशसित पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया ।

# रक्तदान शिविर आयोजित, 30 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** यहां मुस्लिम समाज की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस मौके पर हज़रत मुहम्मद अयूब राजाकी ने बताया कि मुस्लिम युवाओं की ओर से यहां एजेंसी एरिया में रक्तदान कैम्प लगाया गया। इस दौरान अख्तर उल्ला खान ने बताया कि इमाम हुसैन की याद में युवा मुस्लिम समाज की ओर से उक्त रक्तदान शिविर की शुरुआत की गई। रक्तदान शिवर मे रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर हिसा लिया । इस मौके पर स्थानीय कैशव ब्लड सेंटर ने शिविर में 30 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। रक्त संग्रह कैंप की शुरुआत डॉ माहिर अब्बासी सलीम पठान सदर एजेंसी मस्जिद के द्वारा की गई । शिविर में इरफ़ान पठान इंद्र कुमार मीना फ़िरोज़ अब्बासी महेंद्र बैरवा शादत अंसारी



अमजद अब्बासी रिज़वान अब्बासी रईस पठान समस्त एजेंसी देवली युवा कार्यकर्ताओ मौजुद रहे।

# रक्षाबंधन का त्यौंहार आपसी विश्वास एवं प्रेम का पर्व



बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** एसवीपी इंग्लिश एकेडमी मैं आज रक्षाबंधन का पर्व है हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की बहनों ने भाइयों के हाथों में रक्षा सूत्र बांधकर उनकी लंबी आयु एवं स्वास्थ्य की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों को उपहार देकर उनकी सुरक्षा का वादा किया। कार्यक्रम प्रभारी आलोक सिंह ने बच्चों को रक्षाबंधन का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व बताते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी विश्वास एवं प्रेम का त्यौहार है। इस अवसर पर प्रेम प्रकाश नाई, मीनाक्षी डीडवानिया, अनिल कुमार, दिव्या सोनी, टीना शर्मा, वंदना वर्मा, रायचंद आदि उपस्थित रहे।

# कोलकाता में ट्रेनी रेजीडेंट महिला चिकित्सक के बलात्कार व हत्या का मामला

## चिकित्सकों की हड़ताल जारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें रही बंद, आपातकालीन व आईपीडी सेवायें रही सुचारू

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** विगत दिनों पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित एक मेडीकल कॉलेज में कार्यरत ट्रेनी रेजीडेंट महिला चिकित्सक के द्वारा मरीज को आपातकालीन अवस्था में दिये जा रहे उपचार के दौरान बलात्कार कर हत्या कर देने की वीभत्स घटना से चिकित्सकों में भारी आक्रोश का माहौल व्याप्त है। शनिवार को उपचार यूनिट के आह्वान पर जिले के कोटपूतली, पावटा व बानसूर में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें पूर्णतः बंद रही। उपचार यूनिट के सभी चिकित्सकों ने इस जघन्य अपराध के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुये कोलकाता के आर.जी. कर मेडीकल कॉलेज में बलात्कार व हत्या के सबूतों को मिटाने की कोशिशों की निन्दा की।

इस दौरान डॉ. आर.आर. यादव, डॉ. के.एम. गुप्ता, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ. राजेश जांगिड़, डॉ. एस एम यादव, डॉ. कानाराम, डॉ. रवि गुप्ता, डॉ. कृष्णा गुर्जर, डॉ. सरजीत यादव, डॉ. दुर्गेश, डॉ. जयराम यादव, डॉ. दिलीप यादव, डॉ. विजय, डॉ. मनफूल चौधरी, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. अमित यादव, डॉ. सतीश यादव, डॉ. अश्वनी गोयल, डॉ. अनिल यादव समेत अनेक चिकित्सकों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की। साथ ही चिकित्सा एवं स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा के लिये एक केन्द्रिय कानून बनाने की मांग भी की। हड़ताल के दौरान अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में कोई भी चिकित्सा सेवा प्रदान नहीं की गई। जिससे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। चिकित्सकों का कहना है कि यह हड़ताल उस व्यापक विरोध का हिस्सा है जो बलात्कार और हत्या के मामलों में न्याय की मांग को लेकर किया जा रहा है।

उपचार यूनिट ने दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिये जाने की मांग की है। वहीं रेजिडेंट डॉक्टरों के साथ एकजुटता दिखाने के लिये इण्डियन मेडीकल एशोसिएशन के आह्वान पर शनिवार को सुबह 06 बजे से लेकर रविवार सुबह 06 बजे तक 24 घण्टे के लिये सभी निजी चिकित्सा संस्थानों की गैर आपातकालीन सेवाओं को एक दिन के लिये बंद रखने का निर्णय लिया गया। इस दौरान आपातकालीन, आईसीयू व आईपीडी सेवायें चालू रही।

# राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (एकीकृत) ने आईएमए को दिया नैतिक समर्थन

बढ़ता राजस्थान

**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (एकीकृत) द्वारा पश्चिम बंगाल (कोलकता) में निदंनीय दुर्घटना को लेकर विरोध दर्ज करवाते हुए आई एम ए के सचिव डॉक्टर भारत भूषण को ज्ञापन देकर अपना नैतिक समर्थन दिया उल्लेखनीय है कि आर जी कर मेडिकल कॉलेज, कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) में महिला रेजीडेंट चिकित्सक की दुष्कर्म, हत्या और तत्पश्चात इस अमानवीय घटना से आहत होकर शांतिपूर्ण तरीके से न्याय की मांग कर रहे रेजिडेंट डॉक्टर्स पर रात्रि में भीड़ द्वारा किए गए जानलेवा हमले के विरोध में देशभर के चिकित्सक आन्दोलित है। इस घटना से राजस्थान के तमाम जिलों की नर्सेज में रोष व्यापत है। राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन (एकीकृत) घटना की पूर्ण भर्त्सना करता है। एसोसिएशन ने कहा कि राज्य में भी कठोर कानून बनाकर चिकित्सा विभाग के सभी डॉक्टर्स, नर्सेज एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा प्रदान करें तथा मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाकर दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जावे। इस अवसर पर राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन सूरतगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष शीशपाल बिजारणिया, राकेश बिश्नोई, राकेश नायक, अंजना, सुमन, सुमित्रा बहन परमार, महेश बिश्नोई, जयप्रकाश ने चिकित्सकों के आंदोलन में अपना नैतिक समर्थन दिया।

# सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत, अब जिला अस्पताल की तीसरी आंख से निगरानी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए अस्पताल में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे की रिकॉर्डिंग के माध्यम से किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी।बीडीएम जिला अस्पताल में प्रतिदिन 3 हजार से ज्यादा की ओपीडी रहती है।

### सैनी महासभा की बैठक आयोजित

# सुभाष जमालपुरिया महासभा के तहसील अध्यक्ष मनोनीत, प्रथम परिचय सम्मेलन व रक्तदान शिविर 25 को

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** सैनी महासभा की बैठक श्री बालाजी ऋ सर्विस सेंटर पर महासभा के जिला बबलू बबेरवाल की अध्यक्षता मे आयोजित हुई।कार्यकारिणी की सहमति से कोटपूतली तहसील अध्यक्ष पद पर सुभाष जमालपुरिया को मनोनीत किया जाता है।उपाध्यक्ष रामस्वरूप सैनी ने बताया की पंचम सामूहिक विवाह सम्मेलन 12 नवंबर को जिसका प्रथम परिचय सम्मेलन व रक्तदान शिविर 25 अगस्त 2024 को निर्णय किया गया।स्थान गुरुशिखर स्कूल दादुका कोटपूतली में आयोजित होगा।मीटिंग में संयोजकबाबूलाल सैनी,रामरतन सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी,गंगाराम सैनी,कुलदीप बानसूर,रामकुमार सैनी हंसराज सैनीरसनाली,संजय देया,सुगन सैनी,रामसिंह सैनी,भीमराज आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन उल्लास अभियान मे पुलिस थाना फुलेरा की लगातार छठीं सफल कार्यवाही, पिछले 04 साल से गुम महिला को किया दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** स्थानीय पुलिस चार साल पूर्व लापता हुई एक महिला को दस्तयाब करने मे सफल हुई। थानाअधिकारी बाबू लाल के मुताबिक गुमशुदा के परिजनो ने दिनांक 18.मार्च.2020 को थाने मे एक रिपोर्ट पेश कर बताया कि उनकी पुत्री का विवाह किशनगढ (जिला अजमेर) मे हुआ था वह हमसे मिलने हमारे घर फुलेरा आई थी जो 17मार्च की शाम अपने सिलाये हुए कपडे लेने का कहकर घर से गई थी उसके पश्चात वह घर नही आई और उसका मौबाईल बन्द है। गुमशुदा की अपने जानकर व्यक्तियो व रिश्तेदारो मे काफी तलाश करने पर भी उसका अभी तक कोई पता नही चल पाया है। हमे अंदेशा है कि उसके साथ कोई अनहोनी घटना न हो। आदि रिपोर्ट पर थाना हाजा पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश अजमेर, नागौर, जयपुर शहर व हर संभावित स्थानों पर तलाश की व मुखबीर खास मामूर किये, आसुचना व तकनीकि सहयोग से गुमशुदा महिला को दस्तयाब कर गुमशुदा को उसके परिजनों को सुपुर्द किया।


## कार्यालय नगर पालिका निवाई

क्रमांकः–न.पा.नि. /निर्माण/2024–25/4038 दिनांकः– 14.08.2024

**ई. निविदा सूचना संख्या :– 09/2024–2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभाग के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, उनके निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑन–लाईन बोली आमंत्रित की जाती है, बोली फार्म एवं ई–बोली से सम्बन्धित विवरण व शर्ते वेब साईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा का कार्य | : | NIB Code:- (कुल 1 कार्य) |
| Unique Bid Number | | DLB2425WSOB05572 |
| निविदा की कुल लागत | : | Rs 16.14 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| निविदा जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 16.08.2024 को 13:00 बजे से |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 16.08.2024 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 27.08.2024 सांय 18:00 बजे तक |
| भौतिक रूप से कार्यालय में निविदा शुल्क व धरोहर राशि जमा कराने की दिनांक | : | दिनांक 28.08.2024 को अपराह 13:00 बजे तक नगर पालिका निवाई कार्यालय में |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 29.08.2024 को अपराह 12.00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | | 120 Day |

राज.संवाद/सी/24/3964 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

## सम्पादकीय

# विश्व स्तरीय बने भारतीय विश्वविद्यालय

छात्रों के अच्छे भविष्य के लिए छात्रों और अभिभावकों को शिक्षण संस्थानों की शिक्षा गुणवत्ता, प्रदर्शन और मानकों के बारे में जानना बहुत जरूरी है क्योंकि पूर्ण मानव क्षमता की प्राप्ति, समतामूलक एवं न्यायपूर्ण समाज के विकास तथा राष्ट्रीय विकास के लिए शिक्षा पहली आवश्यकता है। इस उद्देश्य के लिए, प्रत्येक देश को उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षा, शिक्षण, सीखने और सुविधाओं के सभी पहलुओं की जांच करने के लिए एक रेटिंग की आवश्यकता होती है। लेकिन 2014 तक, राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ.) में भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग और प्रदर्शन को मापने में विश्वसनीयता, पारदर्शिता और वैधता का अभाव था। इन महत्वपूर्ण आवश्यकताओं और शैक्षिक आकांक्षाओं को संबोधित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्तूबर 2014 में भारत में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ) बनाने की प्रक्रिया शुरू की और 2015 में पूरी की, जिसके परिणामस्वरूप एक राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क का निर्माण हुआ। एन.आई.आर.एफ. के संगठनों के लिए बहुत प्रभावी परिणाम आए हैं। 2016 से एन.आई.आर.एफ. एक प्रामाणिक रैंकिंग प्रणाली के रूप में कार्य कर रहा है। क्योंकि यह प्रणाली 5 प्रमुख शीर्षकों के तहत 22 मानदंडों को परिभाषित करती है। इनमें से कई मानदंड विश्व स्तरीय उच्च शिक्षा संस्थानों के समान हैं। इनमें शिक्षण, सीखने और अनुसंधान में उत्कृष्टता और विभिन्न श्रेणियों में भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों की गुणवत्ता शामिल हैं। इन मानदंडों पर उनकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए उन्हें अंक दिए जाते हैं। इनके आधार पर संस्थानों की रैंकिंग की गई। इसमें भारत से संबंधित देशों की स्थिति, पहुंच, लैंगिक समानता और समाज के पिछड़े वर्गों सहित क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विविधता भी शामिल है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा 12 अगस्त को जारी एन.आई.आर.एफ.-2024 के 9वें संस्करण की रैंकिंग में गुणवत्ता और प्रदर्शन परिलक्षित होता है। इस वर्ष रैंकिंग में उच्च शिक्षण संस्थानों में रिकॉर्ड-तोड़ वृद्धि भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों के बीच एक निष्पक्ष और पारदर्शी रैंकिंग की मान्यता को दर्शाती है।

विभिन्न श्रेणियों में रैंकिंग के लिए शैक्षणिक संस्थानों की कुल संख्या 2016 में 3,565 से बढ़कर 2024 में 10,845 हो गई है। 2018 में इन 9 वर्षों में शैक्षणिक संस्थानों की कुल संख्या में 7,280 (204.21 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है, जैसा कि एन.आई.आर.एफ. रैंकिंग प्रतियोगिताओं में सरकारी और निजी क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी से पता चलता है। भारतीय एन.आई.आर.एफ. चैक-2024 नई शिक्षा नीति की भावना को गहराई से दर्शाता है क्योंकि इन उच्च शिक्षण संस्थानों ने शिक्षण, नवाचार, अनुसंधान और स्नातक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और इन रैंकिंग में शीर्ष स्थान पाने के लिए अन्य मापदंडों में सुधार हो रहा है और एन.आई.आर.एफ. की शुरूआत के साथ शोध पत्र, छात्र कल्याण और प्रकाशन आदि को महत्व मिला है। साथ ही, रैंकिंग ढांचा बड़ी संख्या में भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों को वैश्विक रैंकिंग में भाग लेने और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने में सक्षम बनाता है।

# क्या हुआ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे का ?

**चुनाव आयोग के अनुसार महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों को फिलहाल टाल दिया गया है। इसके दो कारण बताए जा रहे- पहली वजह जम्मू-कश्मीर के चुनाव हैं और दूसरा कारण महाराष्ट्र के कई इलाकों बाढ़ के हालात हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि इन्हीं दो वजहों से महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव कराना अभी मुश्किल है। आपको याद होगा कि 2019 में महाराष्ट्र और हरियाणा में एक साथ चुनाव हुए थे। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। इसके साथ ही अलग-अलग राज्यों में करीब 50 सीटों पर उपचुनाव भी वेटिंग लिस्ट में है।भले ही महाराष्ट्र और झारखंड में अभी चुनाव घोषित नहीं किया गया है, इसका मतलब ये नहीं है कि दोनों राज्यों में चुनाव ज्यादा देर से होंगे।**

**अशोक भाटिया**

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी। कांग्रेस ने महाराष्ट्र और झारखंड के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा न किये जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' महज नारा है। कांग्रेस नेता के अनुसार हमने सोचा था कि चारों राज्यों के चुनावों की घोषणा हो जाएगी, क्योंकि गुरुवार को प्रधानमंत्री ने लाल किले से बहुत ऊंची आवाज में कहा था कि 'वन नेशन, वन इलेक्शन' लागू करना बहुत जरूरी है। अगर वह इन चारों राज्यों के लिए एक साथ चुनाव नहीं करा सकते तो 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का नारा क्यों देते हैं। कांग्रेस का यह भी कहना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि जम्मू-कश्मीर के लोग शिकायत कर रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया है। कांग्रेस पार्टी इस मांग में उनके साथ खड़ी है। इसके उलट जम्मू-कश्मीर में एलजी की शक्तियों को बढ़ा दिया गया है। यह पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है और 'हम इसी मुद्दे पर पूरा चुनाव लड़ेंगे'।

महाराष्ट्र में 26 नवंबर 2024 तक और झारखंड में 5 जनवरी 2025 तक नई विधानसभा का गठन होना जरूरी है। झारखंड के पास थोड़ा समय है, लेकिन महाराष्ट्र के पास नहीं। यही कारण है कि महाराष्ट्र के चुनाव अक्सर हरियाणा के साथ ही कराए जाते हैं। हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को समाप्त हो रहा है, जो महाराष्ट्र से कुछ ही दिन पहले है। दिल्ली में 23 फरवरी 2025 तक नई विधानसभा का गठन होना है, जो झारखंड की समय सीमा के एक महीने बाद है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि महाराष्ट्र चुनाव को इस बार अलग से क्यों कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर का चुनाव कार्यक्रम एक नया पहलू है जो 2019 के चुनावी चक्र में नहीं था। जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने से सुरक्षा के मद्देनजर कई चुनौतियां हैं। हाल ही में हुए आतंकी हमलों और एक दशक बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर, भारत निर्वाचन आयोग के पास बहुत काम है। इसलिए भारत निर्वाचन आयोग अभी सिर्फ हरियाणा जैसे छोटे राज्य में ही चुनाव करा पाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दूसरा कारण बताते हुए कहा कि महाराष्ट्र में बाढ़ ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के काम को प्रभावित किया है। इससे राज्य में मतदाता सूची से जुड़ी कुछ प्रक्रियाओं में देरी हुई है। उम्मीद है कि जल्द ही यह काम पूरा हो जाएगा। हालांकि, वरिष्ठ भारत निर्वाचन आयोग अधिकारी महाराष्ट्र और झारखंड दोनों जगहों का दौरा कर चुके हैं, लेकिन मुख्य चुनाव आयोग राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर संधू के नेतृत्व में पूरा आयोग अभी तक समीक्षा के लिए इन दोनों राज्यों का दौरा नहीं कर पाया है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के दूसरे पहलु को देखें तो प्रधान मंत्री



नरेन्द्र मोदी के लालकिले से घोषणा के बाद 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' यानी वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर चर्चा अब अपने चरम पर हो गई है। जबकि इसकी संभावना पर विचार करने के लिए बनी उच्चस्तरीय समिति ने भी हाल ही में को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। 191 दिनों में तैयार हुई 18,626 पन्नों की इस रिपोर्ट में 47 राजनीतिक दलों ने अपने विचार समिति को साझा किए थे । सबसे बड़ी बात कि इसमें 32 राजनीतिक दलों ने वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया है। अब सवाल उठता है कि क्या इस रिपोर्ट के बाद देश में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए रास्ता साफ हो जाएगा या फिर अभी इसे कई संवैधानिक सवालों की कसौटी पर खरा उतरना होगा? इसके अलावा इस आर्टिकल में हम ये भी जानेंगे कि एक देश एक चुनाव के लिए संविधान में होंगे कितने संशोधन करने होंगे और अगर ऐसा हो गया तो इस प्रक्रिया को लागू होने से देश का कितना पैसा बचेगा। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' ये स्लोगन ही अपने आप में इस सवाल का जवाब है। आसान भाषा में समझाएं तो वन नेशन वन इलेक्शन का अर्थ है एक साथ सभी राज्यों के विधानसभा और देश का लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाए। दुनिया के कई देशों में ऐसा पहले से हो रहा है। यहां तक कि भारत में भी 1967 तक लोकसभा और राज्यों के विधानसभा का चुनाव एक साथ ही संपन्न होता था।

जबकि, फिलहाल की बात करें तो स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, फिलीपींस, बोलिविया, कोलंबिया, कोस्टोरिका, ग्वाटेमाला, गुयाना और होंडुरास जैसे देशों में भी राष्ट्रपति प्रणाली के तहत राष्ट्रपति और विधायी चुनाव एक साथ होते हैं। यहां तक कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान का फॉर्मेट भी काफी हद तक वन नेशन वन इलेक्शन जैसा ही है। सवाल यह भी है कि अगर देश में वन नेशन वन इलेक्शन वाला फॉर्मेट लागू करना है तो फिर इसके लिए संविधान में कितने संशोधन करने होंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो वन नेशन वन इलेक्शन को देश में लागू करने के लिए संविधान में कम से कम 18 संशोधन करने होंगे। इसके अलावा अनुच्छेद 325 और 324 ए में भी बदलाव करने होंगे ।वहीं बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने कहा था कि अगर सरकार देश में वन नेशन वन इलेक्शन लागू करना चाहे तो इसके लिए संविधान के 5 अनुच्छेदों में संशोधन करना होगा।

इसके अलावा विधानसभाओं के कार्यकाल और राष्ट्रपति शासन लगाने के प्रावधानों को भी बदलना होगा ।वन नेशन वन इलेक्शन से देश का कितना पैसा बचेगा ये जानने से पहले समझ लीजिए कि भारत में चुनाव कराने में कितना पैसा खर्च होता है। सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2019 में जब लोकसभा के चुनाव हुए थे तो उसमें 55000 करोड़ रुपए का खर्च आया था। वहीं इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2009 के लोकसभा चुनाव में 1115 करोड़ का खर्च हुआ था। जबकि 2014 के लोकसभा चुनाव में 3870 करोड़ का खर्च हुआ था। वहीं साल 2022 में जब पांच राज्यों के चुनाव हुए थे तब चुनाव आयोग ने पंजाब, मणिपुर, उत्तर प्रदेश, गोवा और उत्तराखंड में हुए विधानसभा चुनावों में हुए खर्च की जानकारी देते हुए बताया था कि इन राज्यों के चुनाव में 500 करोड़ से ज्यादा की रकम सिर्फ चुनाव प्रचार में ही खर्च हो गई थी। अब आते हैं इस सवाल पर कि अगर देश में सभी चुनाव एक साथ करा दिए जाएं तो फिर कितना खर्च बच सकता है।इस सवाल का जवाब जानने के लिए हमें लॉ कमीशन की एक रिपोर्ट पर नजर डालनी होगी, जिसमें कहा गया था कि अगर 2019 के लोकसभा चुनाव और देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ करा दिए जाएं तो 4500 करोड़ का खर्च और ज्यादा बढ़ जाएगा। हालांकि, इसके बाद धीरे-धीरे ये खर्च कम होने लगेगा और लेकिन, ये खर्च कितना कम होगा इसके बारे में कोई ठोस शोध फिलहाल मौजूद नहीं है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है।

**वृष**
काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा। दोपहर के बाद आप मनोरंजन के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। परिवार के साथ अच्छे भोजन का लुत्फ उठा पाएंगे। व्यापार में भागीदारों के साथ लाभदायी विचार-विमर्श होगा।

**मिथुन**
पेट सम्बंधी तकलीफ रहेगी। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके विरोधियों की कोई भी चाल आपके खिलाफ सफल नहीं हो सकेगी।

**कर्क**
मन में भय और सुस्ती के कारण आप निराशा का अनुभव करेंगे। परिवार में संघर्ष और निकटस्थ लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। समय पर भोजन नहीं मिल सकेगा। सार्वजनिक रूप से सम्मान को हानि न पहुंचे। वाणी में संयम बरतें।

**सिंह**
आज आपको अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। धार्मिक कामों और उसमें सफलता प्राप्ति के लिए समय उत्तम है। आपको अभी नए काम नहीं शुरू करना चाहिए। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आपके विरोधी आपकी तकलीफ बढ़ा सकते हैं।

**कन्या**
साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी। पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। व्यापार में आपको लाभ होगा। भाइयों के साथ आनंद के पल गुजारेंगे।

**तुला**
आपको मानसिक भय और उलझन रहेगी, जिसके कारण आप को योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। संतान की चिंता हो सकती है। काम में सफलता नहीं मिलने से निराशा हो सकती है।

**वृश्चिक**
खर्च में वृद्धि होगी। अनैतिक तथा नेगेटिव काम से आज दूर रहें। प्रभु की भक्ति और ध्यान से मन को शांति मिलेगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है।

**धनु**
आप किसी भी प्रकार से संकट में ना पड़ें। व्यवसाय में आज पार्टनर के साथ वाणी संयमित रखें। आज भाग्य आपका साथ नहीं देगा। पदोन्नति होने की भी संभावना है। योजनानुसार काम करने से आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

**मकर**
अधिकारी के साथ वाद-विवाद को टालें और उनके कहें अनुसार आज काम करें। विरोधियों के साथ चर्चा उग्र हो सकती है। काम में सफलता मिलने में विलंब हो सकता है, धैर्य से काम करें। आज आप मौज-मस्ती में व्यस्त रहने वाले हैं।

**कुंभ**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मीन**
आज आप कुछ ज्यादा ही भावुक रहेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक असर पड़ सकता है। आज नए काम शुरू ना करें। वाणी में संयम बरतें। व्यवसाय के क्षेत्र में विघ्न आ सकता हैं।

## शख्सियत

**इंसान को हर चीज में पारंगत होना चाहिए ना जाने वक्त किस करवट बदले,इतिहास गवाह है कि हरफनमौला कभी बाजी हारते नहीं और यदि गलती से जीत ना मिली तो घबराते नहीं हार से भी जीतना कैसे है ये सीख ही जाते हैं........**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत है पूर्व राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अनिल कुमार वार्ष्णेय। इनका नाम जहां भी लिया जाता है बड़े ही अदब के साथ लिया जाता है। पुराने जमाने में तहसीलदार जैसे पदों से अपने कैरियर की शुरूआत करने वाले अनिल सर वास्तव में बेहद शानदार व्यक्तित्व के धनी हैं। इनकी प्रोफाईल कुछ ज्यादा ही बड़ी है। इतने पदों पर इन्होंने अपनी सेवाए दी। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा राजस्व बोर्ड के सदस्य के रूप में सेराफस्टर की पदोन्नति आरएएस . राजस्थान प्रशासनिक सेवाएँ बूंदी, भरतपुर, अलवर,जोधपुर, धौलपुर आदि जिलो में दी। 21 वर्ष आरटीएस.राजस्थान तहसीलदार सेवाएँ चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़,भीलवाड़ा, बीकानेर, जैसलमेर, भरतपुर, धौलपुर, अलवर आदि जिले में रहे। जीएसपीएल इंडिया गैसनेट लिमिटेड, जयपुर के लिए सक्षम प्राधिकारी रहे। आरआरटीआई, अजमेर में अतिथि संकायय एचसीएम रीपा, जयपुर न्यायालय कार्य में भी अग्रणी रहे। आरएए राजस्व अपीलीय प्राधिकरण 2 वर्ष। एडीएम अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट 5 वर्ष। एसडीएम . सब डिविजनल मजिस्ट्रेट 3 वर्ष। एसीईएम सहायक कलेक्टर और कार्यकारी मजिस्ट्रेट 4 वर्ष। कानून एवं व्यवस्थाए शांति स्थापना एवं राहत कार्य। 2012 मई आरक्षण के लिए गुर्जर आंदोलन एडीएम, भरतपुर के रूप में बातचीत, कानून और व्यवस्था। 2011 सितंबर गोपालगढ़ दंगे एडीएम के रूप में सांप्रदायिक तनाव का समाधान। भरतपुर 1999 -सेना भर्ती दंगे शांति व्यवस्था हेतु एसडीएम, भरतपुर1995 जुलाई, 1996 अगस्त तहसीलदार, भरतपुर के रूप में बाढ़ पुनर्वास एवं राहत कार्य 1992 जून कुम्हेर दंगे तहसील कामां से विशेष रूप से बुलाया गया और उन्हें तहसील कुम्हेर में राहत और पुनर्वास कार्य सौंपा गया। आरटीआइ पर कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया और उनका आयोजन किया। बंदोबस्त अधिकारी भूमि अभिलेख तैयार करना एवं भू.राजस्व का निर्धारण। व्यापक अनुभव और अनुभव सहित निपटान विभाग में 6 वर्ष ।डिजिटल इंडिया भूमि रिकॉर्ड आधुनिकीकरण कार्यक्रम डीआईएलआरएमपी और उच्च रिज़ॉल्यूशन उपग्रह छवियों



अनिल कुमार वार्ष्णेय
( पूर्व वरिष्ठ आरएएस )

एचआरएसआई पर आधारित सर्वेक्षण और रिकॉर्ड लेखन। भरतपुर, अलवर एवं जोधपुर में नगर निगम में आयुक्त जैसे बड़े पदों पर रहकर अनेकों सामाजिक विकास कार्य करवाए ।उप निदेशक, क्षेत्रीय स्थानीय निकाय, भरतपुर संभाग,भूमि अधिग्रहण में यूआईटी, अलवर द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया। अलवर नगर परिषद के आयुक्त रहे तब शहर में विकास की गंगा बही। इनके कार्यकाल में किए गए कार्यो को जनता आज भी याद करती है। बेहद शानदार और अनुशासित अधिकारी के रूप में अनिल कुमार सर का याद किया जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 18 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लातविया में रिगा शहर की स्थापना 18 अगस्त 1201 में हुई।
- लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना 1800 में हुई।
- फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने 1868 को हिलियम की खोज की।
- कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में 1891 को चक्रवाती तूफान से 700 की मौत।
- फ्रांस ने 1924 में जर्मनी से अपनी सेनाएँ वापस बुलानी शुरु की।
- पहली बार मौसम मानचित्र का टेलीविजन पर 1940 में प्रसारण हुआ।
- सुकर्णो ने 1945 में इंडोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति के तौर कामकाज शुरू की।
- महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद बोस ताईवान के ताईहोकु में 1945 को विमान दुर्घटना में बुरी तरह घायल हुए, बाद में एक सैन्य अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई थी।
- पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान की स्थापना 1951 में हुई।
- अमेरिका में 1963 को जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विश्वविद्यालय से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
- अमेरिका के बोस्टन में 1973 को पहले एफ एम रेडियों स्टेशन के निर्माण को मंजूरी
- सोवियत संघ द्वारा 1982 में एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।
- तुर्की में 1999 को भूकम्प से लगभग 45000 लोगों की मौत।
- इंग्लैंड ने 2000 में वेस्टइंडीज को हराकर दो दिन में टेस्ट जीतने का इतिहास रचा।
- बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद को विशेष अदालत ने 2006 में भ्रष्टाचार के मामले में बरी किया।
- विवादास्पद ब्रिटिश गायिका लिली एलेन के अमेरिका में घुसने पर 2007 को प्रतिबन्ध लगा।
- उत्तर प्रदेश में मायावती सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा 2008 में की।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने 2008 में महाभियोग की आशंका के बीच इस्तीफा दिया।

## विशेष आलेख

### गुलजार के 88वें जन्मदिन

# युवा-सी ताजगी के साथ दिलों पर राज करने वाले गुलजार

**ललित गर्ग**

गुलजार भारतीय गीतकार, कवि, पटकथा लेखक, फिल्म निर्देशक तथा नाटककार हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से कागजों पर लफ्जों को एक नई शक्ल, एक नई जिन्दगी, एक नई संवेदना एवं एक नई जिजीविषा को रचते हुए न केवल भारत बल्कि दुनिया के लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त की है। वे हिन्दी गीतों एवं संवादों के ऐसे राजकुमार हैं, जिन्होंने 88 साल के होकर भी युवा-सी ताजगी के साथ श्रोताओं दिलों पर राज किया है। उन्होंने बोलचाल की भाषा में शायरी करते हुए, गीत एवं संवाद लिखते हुए अपने सृजन से यौवन की दहलीज वालों के लिये प्रेम को जीवंतता दी है तो जवानी पार कर चुके बुजुर्गों के लिये जीने का नया अंदाज देकर प्रभावित किया है। उनके गीतों में श्रृंगार रस, लेखनी में संवेदनाएं एवं आत्मा में अध्यात्म-रस बसा हुआ है। वे ऐसे गीतकार, संवाद लेखक एवं शायर हैं, जिनके जीवन की चादर पर सकारात्मकता, संवेदना एवं प्रेम के रंग बिखरे हुए है। गुलजार दार्शनिक कवि-गीतकार हैं तो सनातन सत्य एवं जीवनमूल्यों को सहजता से उद्घाटित करने वाले जादूगर भी है।

सम्पूर्ण सिंह कालरा उर्फ गुलजार का जन्म 18 अगस्त 1936 में दीना, झेलम जिला, पंजाब में हुआ था, जोकि अब पाकिस्तान में है। गुलजार अपने पिता की दूसरी पत्नी की इकलौती संतान हैं। उनके पिता का नाम माखन सिंह कालरा और माँ का नाम सुजान कौर था। जब गुलजार बेहद मासूम और छोटे थे तभी उनकी माँ का निधन हो गया। देश के विभाजन के वक्त इनका परिवार पंजाब के अमृतसर में आकर बस गया। वहीं से गुलजार मुंबई चले आए। मुंबई आकर उन्होंने एक गैरेज में बतौर मैकेनिक का काम करना शुरू कर दिया एवं खाली समय में शौकिया तौर पर कवितायें लिखने लगे। इसके बाद उन्होंने गैरेज का काम छोड़ हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक बिमल राय, हृषिकेश मुखर्जी और हेमंत कुमार के सहायक के रूप में काम करने लगे। गुलजार की शादी तलाकशुदा अभिनेत्री राखी गुलजार से हुई हैं। हालांकि बेटी के जन्म के बाद गुलजार एवं राखी अलग हो गये। लेकिन गुलजार और राखी ने कभी भी एक-दूसरे से तलाक नहीं लिया। उनकी एक बेटी हैं-मेघना गुलजार जोकि एक फिल्म निर्देशक हैं। अपनी सोच एवं कलम की जादूगरी से गुलजार सिनेमा



की दुनिया और सिनेमा प्रेमियों के जीवन का एक जरूरी हिस्सा बन गये हैं। गुनगुनाते गीतों एवं संवादों में जीवन एवं संवेदनशील किरदारों में अपना अक्स देखनेवाले दर्शक न गुलजार की फिल्मों को भूल सकते हैं और न ही गीतों को। वे प्रेम भरे गाने लिखते हैं तो भक्तिमय भी। 'मोरा गोरा अंग लइ ले, मोहे श्याम रंग दे दई... सिनेमा की चमक-दमक में वे श्याम रंग की चाहत को भी उकेर देते हैं। स्क्रीन प्ले लिखते हैं तो आनंद जैसी फिल्म जिसका नायक हंसते-हंसते पल-पल करीब आती मौत के लिए तैयार नजर आता है। फिल्म बनाते हैं तो वो 'आंधी' और 'मौसम' की शक्ल में सामने आते हैं, जहां संवेदनाओं का ज्वार अपने चरम पर नजर आता है। टीवी सीरियल की बात होती है तो मिर्जा गालिब को जीवंत कर देते है। मिर्जा गालिब टीवी धारावाहिक की हैसियत कुछ वैसी है जैसे बड़े पर्दे पर मुगले-आजम की बनी थी। बच्चों के लिए लिखा तो जंगल जंगल बात चली है, पता चला है, चड्डी पहनकर फूल खिला है, बच्चों की जिन्दगी का अहम हिस्सा बन गया।

गुलजार बंटवारे के दौर की हिंसा को सालों तक नहीं भूल पाए। तब वे ग्यारह-बारह साल के थे। अपनी आंखों के सामने उन्होंने सैकड़ों लोगों का कत्ल होते देखा था। लाखों लोगों को रातोंरात उजड़ने की भयावहता भी उनके दिलोदिमाग में घर कर गयी थी। कच्ची उम्र के जख्म जिंदगी भर नहीं जाते। गुलजार के अंदर भी यह पूरा हादसा किसी खतरनाक मंजर की तरह उबलता रहता है, सालता रहता है। तभी तो गुलजार लिखते हैं- आंखों को वीजा नहीं लगता, सपनों की सरहद होती नहीं, बंद आंखों से रोज मैं सरहद पार चला जाता हूं। माचिस फिल्म बनाते हैं तो उनका दर्द कुछ यूं छलक आता है- छोड़ आए हम वो गलियां, छोड़ आए हम वो गलियां।। लेकिन गुलजार इसी दर्द से सिमटे भर नहीं रहे। वे कहते हैं, वक्त के साथ समझ में आया कि कम कहने में ज्यादा अर्थवत्ता है। ज्यादा कहने से अर्थ ही निस्तेज हो जाते हैं। इसलिए यही गुलजार जब मस्ती के मूड में आते हैं तो बखूबी लिख डालते हैं- गोली मार भेजे में, भेजा साला शोर करता है। यही गुलजार जब प्रेम कविता लिखते हैं- तुम्हारे गम की डली उठा कर, जुबां पर रख ली है देखो मैंने। वह कतरा कतरा पिघल रही है, मैं कतरा कतरा ही जी रहा हूं। खूबसूरती एवं जीवन के रंगों को हम प्रतीकों में पहचानते आए हैं और प्रतीक देश-काल, समाज-संस्कृति, जीवन एवं सोच, राजनीतिक माहौल के साथ बदलते रहते हैं। लेकिन गुलजार जैसे प्रेम और सौन्दर्य के महान् गीतकार अपनी काबिलीयत से जब नये रंग भरने लगता है तो जनमानस में व्याप्त खूबसूरती के पैमाने खुद-ब-खुद बदलने लगते हैं। गुलजार के पूरे जीवन में ये साफ नजर आता है कि समय के साथ वे खुद को बदलते रहे। उनका फोकस कभी डगमगाता नहीं दिखा, वह भी तब जब उनके अपने जीवन में 'आंधी' आ गई थी। दरअसल, आज से यही कोई 50 साल पहले 18 अप्रैल, 1973 को गुलजार और राखी ने आपस में प्रेम विवाह किया था। इस शादी में उस वक्त की भारतीय सिनेमाई दुनिया के तमाम दिग्गज शरीक हुए थे। गुलजार के जीवन के पन्नों पर टंके हैं जीवन के, जिजीविषा के, सृजन के, संघर्ष के मंजर। जो हर कोण से एवं हर मोड़ से कुछ नया एवं विलक्षण करता रहा है। उनका हिंदी सिनेमा में करियर बतौर गीत लेखक एस. डी. बर्मन की फिल्म बंधिनी से शुरू हुआ। साल 1968 में उन्होंने फिल्म आशीर्वाद का संवाद लेखन किया। इस फिल्म में अशोक कुमार नजर आये थे। इस फिल्म के लिए अशोक कुमार को फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर का अवार्ड भी मिला था। इसके बाद उन्होंने कई बेहतरीन फिल्मों के गाने लिखे जिसके लिए उन्हें हमेशा आलोचकों और दर्शकों की तारीफें मिली। साल 2007 में उन्होंने हॉलीवुड फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर का गाना जय हो लिखा। उन्हें इस फिल्म के ग्रैमी अवार्ड एवं सर्वश्रेष्ठ गीत का ऑस्कर पुरस्कार मिल चुका है। उन्हें 2004 में भारत के सर्वोच्च सम्मान पद्म भूषण से भी नवाजा जा चूका है। गुलजार अनेक पुरस्कार और सम्मान से नवाजे जा चूके हैं। जिनमें प्रमुख हैं- 5 राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार, 22 फिल्मफेयर अवार्ड्स, 1999 से 2000 तक के लिए मध्य प्रदेश सरकार से राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान प्राप्त, साल 2008 में सर्वश्रेष्ठ मूल गीतों के लिए अकादमी पुरस्कार, 2010 में एक ग्रैमी अवार्ड, 2002 में उर्दू के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार आदि।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव

# महिलाओं में नजर नहीं आता जीत का 'चेहरा', इसलिए किसी भी दल ने चुनाव लड़ने तक का नहीं दिया मौका

- आशंका : उप चुनाव में भी नहीं मिलना टिकट, महिला प्रत्याशी फिजूल ही कर रही भागदौड़
- पिछले दो दशक में चार विस चुनावों में 40 प्रत्याशियों ने आजमाया भाग्य, इनमें से एक भी महिला नहीं

अजय शर्मा

**टोंक (बढ़ता राजस्थान)।** देश-विदेश में और हर क्षेत्र में भले ही महिलाओं के लिए उन्नति और काम करने के अवसर उपलब्ध है, लेकिन बात अगर देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र की राजनीति की हो तो मामला उलट जाता है। लोगों की मानें तो इस क्षेत्र से आज तक कोई महिला विधायक नहीं चुनी गई है। यह भी इत्तेफाक है कि वर्ष 2008 से वर्ष 2023 तक के चार विधानसभा चुनावों में 40 प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया, जिनमें एक भी महिला प्रत्याशी नहीं थी। ऐसा माना जा रहा है कि इस इलाके के राजनीतिक समीकरण महिलाओं के हिसाब से सटीक नहीं बैठते है, ऐसे में कोई भी दल ने महिलाओं को टिकट देने का जोखिम मोल नहीं लिया है। पिछले आंकड़ों और राजनीतिक समीकरणों के आधार पर क्षेत्र में हो रहे इस बार के उप चुनावों में भी यह आशंका प्रबल है कि शायद ही किसी महिला को चुनावी समर में उतारा जाए?





**04 चुनाव, 40 प्रत्याशी, महिला एक भी नहीं :** टोंक जिले के सबसे बड़े क्षेत्र देवली-उनियारा विधानसभा वैसे तो मीना-गुर्जर बाहुल्य है, लेकिन यहां जनरल मतदाता भी काफी संख्या में है। वर्ष 2008 से विधानसभा चुनाव पर नजर डाले तो पाएंगे की वर्ष 2023 तक के विधानसभा चुनाव तक इस इलाके से एक भी महिला ने चुनाव नहीं लड़ा। वर्ष 2008 के विस चुनावों में 10 ने, वर्ष 2013 के विस चुनावों में 05 ने (नोटा सहित), वर्ष 2018 के चुनावों में 10 ने (नोटा सहित) तथा वर्ष 2023 के विस चुनावों में नोटा सहित 15 प्रत्याशियों ने इस क्षेत्र से ताल ठोकी। आश्चर्य की बात यह है कि इन चारों चुनावों में एक भी महिला प्रत्याशी ने अपनी मौजूदगी दर्ज नहीं कराई। यहां यह बात भी सामने आई कि बड़ी पार्टियों से टिकट नहीं मिलने के बाद भी किसी महिला प्रत्याशी ने रिस्क लेते हुए निर्दलीय के रूप में चुनाव नहीं लड़ा। यानी राजनीति में वे भी सेफ साइड खेलना चाहती है।

### जीत का चेहरा तो नजर आए, पार्टियां टिकट भी दे देंगी

क्षेत्र के लोगों से इस मुद्दे पर राय जानी तो सामने आया कि छोटे-मोटे स्तर पर कुछ महिलाओं ने राजनीति के मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी, लेकिन वे विधायक के लिए जीत का चेहरा नहीं बन सकी, यही कारण है कि कोई भी दल हारने वाले घोड़े पर दांव लगाने से हिचकता है। उप चुनावों में भी क्षेत्र के हालात नहीं बदले हैं। हालांकि एकाध महिलाएं टिकट मांगने की दौड़ में है तो सही, लेकिन वे कितना सफल हो पाती है, उसमें लोग संदेह जताते हैं। आशंका जताई जा रही है कि उप चुनावों में भी शायद कोई दल महिलाओं को मौका दे?

### आधी आबादी, लेकिन नेतृत्व करने वाला कोई नहीं

लोकसभा चुनावों के दौरान निर्वाचन विभाग के जारी आंकड़ों के मुताबिक देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में कुल 3 लाख से अधिक मतदाता है। इनमें से करीब आधी आबादी महिला मतदाताओं की है। यहां लोकसभा चुनावों में महिलाओं की मतदान में भागीदारी भी अन्य विधानसभा क्षेत्र में महिला वोटिंग के मुकाबले बेहतर रही है। ऐसे में इतने बड़े वर्ग को नेतृत्व के लिहाज से मौका नहीं देना न्याय संगत नहीं है।



**इनका कहना है :** प्रत्याशी का चयन पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और संसदीय बोर्ड करता है अगर महिला योग्य और जिताओ है उसे भी मौका दिया जा सकता है । वैसे बीजेपी ने हीं महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात प्रमुखता से उठाई थी।

**राजेंद्र राठौड़**
**भाजपा प्रभारी, देवली उनियारा, विधानसभा उपचुनाव**

**इनका कहना है :** उप चुनावों में सभी राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी होती हैं। यह चुनाव जीतने के लिए ही लड़े जाते है, ऐसे में कोई भी दल जिताऊ प्रत्याशी को ही मौका देता है। देवली-उनियारा क्षेत्र में कोई महिला में जीत का चेहरा नजर आता है तो उसे मौका देना चाहिए।

**हरिप्रसाद उर्फ हरि भाई,**
**जिलाध्यक्ष, कांग्रेस**

## हिण्डोन विधायक अनिता जाटव ने किए श्रीजी के दर्शन, रिसोर्ट में किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** प्रदेश के हिंडोन विधानसभा विधायक अनिता जाटव शनिवार को धार्मिक नगरी डिग्गी पहुंच कर श्री कल्याण जी महाराज के दर्शन कर अपने विधानसभा सहित सम्पूर्ण प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना की। जाटव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेश संयुक्त सचिव रामधन जावल्या सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ डिग्गी पहुंच कर श्री कल्याण जी महाराज के मन्दिर पहुंची। यहां जाटव ने श्रीजी के दर्शन कर अपनी नीजि विधानसभा हिंडोन सहित सम्पूर्ण प्रदेश में सुख समृद्धि की कामना कर पूजा अर्चना की। इसके पश्चात जाटव जयपुर रोड स्थित भामाशाह एवं पर्यावरण सरंक्षण प्रेमी बी.एल.देशमा के रिसोर्ट पहुंची। यहां मौजुद कार्यकर्ताओं ने जाटव को देशमा द्वारा क्षैत्र में पर्यावरण सरंक्षण के लिए किए जा रहे सघन पौधा वितरण कार्यक्रम की जानकारी दी । इस महोत्सव आयोजन के मुख्य सरंक्षक क्षैत्रीय विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी हैं। देशमां के बारे में जानकारी सुनकर जाटव ने देशमां द्वारा पर्यावरण सरंक्षण, धार्मिक यात्रा व महोत्सव के लिए किए जा रहे कार्यो की भूरि भूरि प्रशंसा कर देशमां व उनकी सम्पूर्ण टीम को धन्यवाद दिया। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित के कार्य करते रहने की सलाह दी। इस दौरान मौजुद कार्यकर्ताओं ने जाटव का स्वागत सम्मान किया।

## सड़क निर्माण एवं नरेगा में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर विधायक पायलट को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** ग्राम पंचायत मंडावर के ग्राम ढाणी देवगंज के ग्रामीणों की ओर से शनिवार को सड़क निर्माण और नरेगा में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर विधायक सचिन पायलट को ज्ञापन सौपा। बद्री लाल जाट, रामेश्वर जाट, राजराम, रामप्रसाद आदि ने बताया कि ज्ञापन में गांव ढाणी देवगंज का नाम राजस्व रिकॉर्ड में ऑनलाइन दर्ज करवाने और आडी गडार से गांव देवगंज तक डामरीकरण रोड बनवाने, एवं नरेगा कार्य के भष्ट्राचार में लिप्त अधिकारी एवं कर्मचारियो खिलाफ कानूनी कार्रवाई करवाने कि मांग की। ग्रामीणो ने बताया कि सरपंच संघ अध्यक्ष हंसराज फागणा के आश्वासन पर ग्रामीणों की ओर से 11 अगस्त को हाइवे जाम करने कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। ढाणी देवगंज के लोगों ने पक्की सड़क की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार कर वोट नहीं डालने का फैसला किया था। ग्रामीण इस रास्ते को लेकर लगातार कई सालों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को अवगत करवा रहे थे। लेकिन कोई रास्ता नहीं निकल पाया है।



जिसको लेकर ग्रामीण नाराज है। लोकसभा चुनाव के समय ढाणी देवगंज में सड़क निर्माण, अतिक्रमण हटाने व नरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप लगा ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में मतदान बहिष्कार की घोषणा की थी।

उस समय जिला प्रशासन की ओर से मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। विधायक पायलट ने ढाणी देवगंज में सड़क निर्माण करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर रामकिशोर जाट, शिवाजी लाल माली, मनफूल माली, कन्हैया लाल माली, सरदार माली, ग्यारसी लाल माली, हनुमान जाट, बाबूलाल माली, राजाराम जाट, राम प्रसाद जाट, चौथमल जाट, कालूराम जाट, बाबूलाल जाट, महेंद्रपाल जाट, लादू जाट, रामस्वरूप जाट, रामेश्वर जाट, दीनदयाल जाट, ममता देवी,गीता देवी, अयोध्या देवी, लादी देवी, प्रेम देवी, धापू देवी,फोरंता देवी, कमला देवी, राधा देवी, मधु देवी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

'देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ, मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ'

## एकादशी पर आयोजित श्याम भजन संध्या में उमड़े श्रद्धालु

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाएंगे धूमधाम से

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्याम मन्दिर में एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का पन्चामृत से अभिषेक कर भव्य श्रंगार किया गया। एकदाशी पर पंडित पूर्णानंद शास्त्री द्वारा एकदाशी की कथा सुनाई गई। मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष रवि अग्रवाल ने बताया दिन भर श्याम मन्दिर में श्याम दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। सायं सात बजे से मन्दिर प्रांगण विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ जिसमें जयपुर के महेश परमार, सोमेश जैन, महेश खण्डवाल, मनीष साहू, रवि पारीक, महेश दरगड व पीकू माली सहित स्थानीय गायक कलाकारों द्वारा कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, सालासर वाले बाबा वीर हनुमाना, देना हो तो दीजिए जनम-जनम का साथ, मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ, प्यारा सा मुखडा घुंघराले कैश व कलयुग के राजा आवोनी खाटू नरेश सहित कई भजनों से बाबा श्याम को रिझाया। इसके बाद महाआरती करके भोग लगाकर भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। इस दौरान रामचरण विजय, दीनदयाल शर्मा, सर्वेश द्विवेदी, सौरभ जैन, कुलदीप टेलर, मुरारी अग्रवाल, योगेंद्र जैन, अजय जैन, रेणु जैन, सरोज अग्रवाल, राकेश सोनी, हीरू रामचंदानी, प्रमिला, प्रिंस शर्मा व नरेश जैन सहित सेकडों भक्त मौजूद थे। रवि अग्रवाल ने बताया श्याम मन्दिर में जन्माष्टमी महोत्सव भी धूमधाम से मनाया जाएगा।



## राजस्थान प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति ने पायलट-मेहता को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** राजस्थान प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं टोंक जिला केमिस्ट एसोसिएशन के सचिव विवेक विजयवर्गीय सहित अधिकृत दवा विक्रेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस सरकार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एव वर्तमान टोंक विधायक सचिन पायलट सहित भाजपा के पूर्व टोंक विधायक एव वर्तमान जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता को वर्तमान में राजस्थान के आरजीएचएस अधिकृत दवा विक्रेताओं की वाजिब मांगों के समाधान न होने के बारे में अवगत कराते हुए समाधान की मांग की है! जिससे अधिकृत दवा विक्रेता लाभार्थियों एवं उनके परिजनों को योजना का पूर्ण रूप से लाभ उपलब्ध करा सके। टोंक जिला केमिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहन आहूजा, केमिस्ट भागचंद गुर्जर, नीलेश जैन, निर्मल जैन, मानसिंह सोलंकी, गौरव सैनी, कपिल कुमावत ने अपनी समस्याओ से अवगत कराया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शहर के बाजार रहे बंद

### सनातन धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में निकाली विशाल आक्रोश रैली

बढ़ता राजस्थान





**निवाई ( का.स. )।** सनातन धर्म रक्षा मंच के तत्वावधान में शनिवार को हिंदू आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। शहर के सभी व्यापारिक संगठनों ने विरोध का समर्थन किया और अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। संतों के सानिध्य में निकाली गई आक्रोश रैली कंकाली माता मंदिर से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए अहिंसा सर्किल पहुंची जहां पर संतों ने एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा। सनातन धर्म रक्षा मंच के सदस्य हेमंत मोदी ने बताया कि बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में शहर में हिंदू आक्रोश रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी व्यापारियों ने बाजार बंद रखा। हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता सुबह 8 बजे कंकाली माता मंदिर में एकत्रित हुए। हिंदू आक्रोश रैली में जैन मुनि संत अनुसरण सागर महाराज, गौ ऋषि संत प्रकाशदास महाराज, संत कर्मानंदगिरी महाराज, संत मनीषदास महाराज रैली में साथ-साथ चल रहे थे। हिंदू आक्रोश रैली कंकाली माता मंदिर से रवाना होकर गणगौरी बाजार, खारी कुई, सराफा बाजार, बिलाला मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, पटेल रोड, राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय के सामने, बस स्टैंड होती हुई अहिंसा सर्किल पहुंची। जहां पर सभी संतों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में कड़े शब्दों में निंदा प्रकट की। हिंदू आक्रोश रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान रैली में शामिल युवा भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगाते व केसरिया ध्वज व तिरंगा लेकर चल रहे थे। सभा के बाद अड्क्षहसा सर्किल पर ही संतों द्वारा एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। आक्रोश रैली की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शहर थानाधिकारी हरिराम वर्मा व सदर थानाधिकारी जयमल सिंह सहित भारी पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## तालाब भरा, मगर विभाग के अधिकारियों के आदेश नही होने से लोगो को नही मिल रहा रोज नल का पानी

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** शिवाड़ में फरवरी माह से चल रही जल की समस्या अब इतनी बारिश के बाद भी लगातार जारी है अब गॉव का बड़ा तालाब जिसे शिव सरोवर के नाम से जाना जाता है वो लगभग पूर्ण भरने की ओर है और वही आस पास में ही विभाग की चार बोरींग लगी हुई है जिसमे पानी का लेवल भी बढ़ गया है मगर कनिष्ठ अभियंता और सहायक अभियंता के आदेश नही होने से ग्रामीणों को अभी भी एक दिन छोड़कर एक दिन पानी मिल रहा है इस कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है मगर जलदाय विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के कानों पर कोई प्रभाव इसका नही है । लोगो ने बताया कि उच्च अधिकारी अपने ऑफिस में बैठे हुए है और कस्बे में आकर हालात नही देखते है और कर्मचारी बिना आदेश एक दिन छोड़कर एक दिन ही नल दे रहे है इससे अभी भी टेंकरो से पानी मंगवाकर लोग मोल से पानी पी रहे है।

**5 माह में भी नही हुए 51 लाख के प्रस्ताव मंजूर :** विभाग द्वारा कस्बे में नवीन बोरींग और पाइप लाइन लगाने के लिए मार्च के प्रथम सप्ताह में 51 लाख का प्रस्ताव बनाकर विभाग को भिजवाया था उसके बाद ग्रामीणों से 12 मार्च को स्थानीय विधायक जितेंद्र गोठवाल ने वादा कर चुनाव आचार संहिता से पूर्व इसे स्वीकृत करवाने का भरोसा दिया था मगर आज तक 5 माह में भी ये प्रस्ताव मंजूर नही होने से लोगो को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है ।

## कृषि उपज मण्डी के श्रीलक्ष्मीनारायण जी व मायला कुण्डों के शिवालय में रूद्राभिषेक आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मण्डी में स्थित श्रीलक्ष्मीनारायण जी के मन्दिर में श्रावण मास पर रविवार को पण्डित रामकल्याण शास्त्री के सानिध्य में मंत्रोचारण के साथ सहस्त्रघट का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालु दीनदयाल शर्मा ने बताया कि मन्दिर में सहस्त्रघट के आयोजन को लेकर शिव पंचायत, भगवान लक्ष्मीनारायणजी एवं हनुमानजी की आकृषक झांकी सजाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार मायला कुण्डों पर स्थित शिवालय में भी पं. हनुमानप्रसाद शर्मा पराणा के सानिध्य में कई धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान शिवजी के दूध, दही, घी, शहद, शर्करा, पंचामृत, ईक्षुरस, बील रस, सुगंधित द्रव्य, विजया रस व जल से रूद्राभिषेक किया जाएगा।। अभिषेक के बाद शिव पंचायत का फूलों से विशेष श्रृंगार कर महाआरती करके कृषि उपज मंडी में प्रसादी वितरित की जाएगी।

## अनियमितताऐं करने पर डीलर का लाईसेंस निरस्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा तहसील के टोरड़ी में रसद विभाग की ओर से कार्यरत राशन डीलर रामजीलाल जांगिड़ का लाईसेंस निरस्त कर दिया गया है। इस संबंध में जिला रसद अधिकारी इन्द्रपाल मीणा व प्रवर्तन अधिकारी कर्म चन्द अग्रवाल द्वारा राशन की दुकान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राशन डीलर जांगिंड द्वारा सूचनाओं का प्रदर्शन नहीं करने एवं भौतिक सत्यापन में सरकार की ओर से जरूरतमंद लोगो के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले गैंहु में भारी गबन मिला। जिसके चलते राशन डीलर का विभाग की ओर से जारी प्राधिकार पत्र को निलम्बित कर दिया गया। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान टोरड़ी में राशन डीलर रामजीलाल जागिंड़ की राशन की दुकान में गंभीर अनियमितताऐं मिलने पर विभाग की ओर से जारी प्राधिकार पत्र की शर्तो का उल्लघंन किए जाने पर नियमानुसार यह कार्रवाई की गई है।

## हिन्दु आक्रोश रैली 20 को

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** हिन्दु समरसता मंच के तत्वावधान में बांगलादेश के कोलकाता में चिकित्सक के साथ हुए उत्पीड़न के विरोध में हिन्दु आक्रोश रैली का आयोजन 20 अगस्त मंगलवार को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देतें हुए 20 अगस्त मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे पुरानी तहसील स्थित श्री बारादरी बालाजी मन्दिर में हिन्दु समाज के लोग एकत्रित होगें।

# कोलकाता में महिला चिकित्सक की हत्या पर अस्पताल में विरोध प्रदर्शन

## ओपीडी का किया चिकित्सको ने बहिष्कार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** जिला हॉस्पिटल बाड़ी में लैब टेक्नीशियन और रेडियोग्राफर संघ, आई टेक्नीशियन संघ ने भी कोलकात्ता में हुए महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म हत्या अमानवीय घटना का काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्वक विरोध किया। लैब टेक्नीशियन जयंत शर्मा ने कहा कि चिकित्सा कर्मियों के भय मुक्त वातावरण के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट बने जिससे सभी को लाभ मिले साथ ही रेडियोग्राफर गौरव गोयल ने कहा के हम सभी सभी चिकित्सा कर्मियों के साथ है और इस घटना का विरोध करते है आगे से ऐसी घटना ना हो इसके लिए एक्ट को लागू किया जाए साथ ही प्रहलाद जी,विनोद जी,पुनीत जिंदल ,कीर्ति परमार ,महेंद्र जी ,दिलीप बंसल जी मुबीना समस्त पैरा मेडिकल स्टाफ मोजूद रहा।

कोलकाता के आरजी कल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्याकांड के मामले में देश भर में विरोध प्रदर्शन और आक्रोश देखा जा रहा है। शहर के सामान्य अस्पताल में भी पिछले दो दिन से डॉक्टर्स विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को जहां 2 घंटे की पेन डाउन हड़ताल की गई वहीं आज शनिवार को अस्पताल में तैनात



चिकित्सको द्वारा ओपीडी का बहिष्कार किया गया। ऐसे में अस्पताल में दिखाने आए मरीज और उनके अटेंडर भटकते दिखाई दिए। अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर विवेक अग्रवाल ने बताया कि कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और बाद में कई गई जघन्य हत्या किसी भी दृष्टि में बर्दाश्त नहीं है। सरकार को चाहिए कि उस हत्याकांड को लेकर जितने भी लोग इंवॉल्वड हैं उन सभी को अति शीघ्र पकड़ा जाए और उनके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए साथ मे चेतावनी दी डॉक्टर्स का यह विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा। जब तक की महिला डॉक्टर की हत्या करने और दुष्कर्म करने वाले आरोपी पकड़े नहीं जाते हैं। अस्पताल के चिकित्सक डॉक्टर आनंद वर्मा ने बताया की महिला चिकित्सक के साथ हुए उक्त मामले को लेकर सेवारक चिकित्सक संघ निंदा करता है और सरकार से मांग की जाती है कि जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी हो अन्यथा रेजिडेंस डॉक्टर्स की तरह सेवारत चिकित्सक भी एक बड़े मूवमेंट की तरफ जा सकते हैं।

**ओपीडी के कार्य बहिष्कार से मरीज हुए परेशान :** अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा ओपीडी का बहिष्कार किए जाने से दिखाने आए सैकड़ो मरीज परेशान हुए। मरीज और उनके अटेंडर इधर-उधर अस्पताल में भटकते रहे लेकिन ना तो उनका परामर्श पर्चा बना और ना ही उन्हें कोई चिकित्सक मिला। ज्यादातर चिकित्सको के कक्ष बंद थे।

**चिकित्सकों का विरोध प्रदर्शन,सख्त कार्रवाई की मांग :** दस बजे से अस्पताल में तैनात चिकित्सकों द्वारा अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया गया और शासन एवं प्रशासन से उक्त मामले में जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की। इस दौरान डॉ रिंकू सिंह गुर्जर,डॉ कल्पना मित्तल, डॉ रूपेंद्र शर्मा,डॉ सचिन सिंघल,डॉ पवन गोस्वामी,डॉ अश्वनी कुमार,डॉ सुनील मीणा,डॉ संजय मीणा एवं अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।



# लवकुश की जन्मस्थली रमधा बन रहा लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र

## बरसात के मौसम में बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग, प्रशासन की अनदेखी के चलते रमधा वन की संपदा को खत्म कर रहे माफिया

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिले के गांव नादनपुर के जंगलों में रमधा स्थली जो प्राकृतिक रूप से रमणीक स्थान है, इस स्थल को देखने और यहां पर स्थित पहाड़ों से निकलने वाले पानी का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंच रहे है। यहां स्थित मंदिर के दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली के लिए कामना करते है।

रमधा पर स्थित मंदिर के महंत किशनदास बताते है कि यह स्थल कई संत महात्माओं की तपोभूमि रहा है, यहां पर सैकड़ो वर्षो तक कई संत, ऋषियों ने तपस्या की है, किवदंती के अनुसार ऐसी मान्यता है कि यहां महर्षि वाल्मिकी का आश्रम था, माता सीता का दूसरा बनवास यही कटा था, यह लव कुश की जन्म स्थली भी है, भगवान राम का अश्वमेघ का घोड़ा यही लवकुश ने पकड़ा था, यही पर माता सीता ने समाधि ली थी, जिनके प्रमाण स्वरूप आज भी पत्थरों की शिला पर सीता माता के चरण चिन्ह, अश्वमेघ घोड़ों के चरणो के निशान देखने को मिलते है, वही सीतामणी का मंदिर भी है जो देखरेख के अभाव में खंडहर हो चुके है, यहां पर संवत 1244 का एक बीजक भी मिला है,

वही इतिहासकार बताते है कि रमधा स्थल के पास कांस की बावड़ी नामक स्थान है, जहां एक किसान को जमीन से भगवान राम, लक्ष्मण और मां सीता की मूरत मिली थी,ये विक्रमादित्य कालीन अष्टधातु की है। स्थानीय ग्रामीणों का दावा है कि अगर बारिश ना हो पूरे क्षेत्र में अकाल भी पड़ जाए तो यहां एक ऐसा कुंड के पास स्थान है जहां बारह महीने पानी लगातार निकलता है, जिसमे नहाने से लोगो के चर्म रोग दूर हो जाते है। इस रमणीक स्थान की सुंदता का मुख्य कारण यहां की प्राकृतिक छठा रूपी पहाड़ और उस पर लगे जंगली पेड़ यानी जंगल हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षो से इस क्षेत्र को खनन माफियाओं की नज़र लग गई है, जिन्होंने पेड़ो के कटाव के साथ पूरे रमधा क्षेत्र के पहाड़ को छलनी कर दिया है, इस पर ना तो वन और खनन विभाग ने अंकुश लगा पाया है ना ही प्रशासन ने कोई ठोस कार्यवाही की है, रमधा वन क्षेत्र के स्थानीय नागरिकों ने जब बार बार शिकायत की तब कही जाकर प्रशासन द्वारा थोड़ी कार्यवाही अमल में लाई गई , लेकिन जब तक रमधा वन क्षेत्र को बचाने के लिए ठोस कार्यवाही नही होगी, तब तक यह खनन माफिया इस वन क्षेत्र को नही छोड़ेंगे, ऐसे में इस रमणीक स्थल व संतो की पावन तपोभूमि के अस्तित्व को बचाने के लिए इस वन क्षेत्र के संरक्षण के लिए प्रशासन को देर सवेर कार्यवाही करने के बजाय ठोस कार्यवाही करनी होगी।

# राष्ट्रीय आईएमए द्वारा मेडिकल सेवाओ का बहिष्कार पूर्णतः सफल : अध्यक्ष आईएमए

## डॉक्टर्स ने दिखाई अपनी एकता-जल्द बनेगी अगली रणनीति : डॉ. एससी मित्तल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को अलवर आईएमए अलवर तथा अलवर अरिसदा के आवाहन पर समस्त निजी चिकित्सकों ने अपनी चिकित्सा सेवाएँ बंद रखी जिसमे केवल इमरजेंसी सुचारू रखी गई इसी तरह सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों ने ओपीडी सेवाओं का बहिष्कार किया । सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि सभी चिकित्सक 11बजे आईएमए हॉल में एकत्र हुए तथा आरजी कार कॉलेज कोलकत्ता प०बंगाल, में महिला रेजिडेंट चिकित्सक छात्रा डॉ.मोमिता देबनाथ का बलात्कार एवं निर्मम हत्या एवं अस्पताल परिसर में शांति पूर्वक विरोध कर रहे रेजिडेंट चिकित्सको एवं महिला चिकित्सको पर कल



पुलिस की मौजूदगी में जिस तरीके से अराजक तत्वो एवं गुंडों की भीड़ ने आक्रमण किया एवं अस्पताल में तोड़फोड़ कर घटना के सबूतों को नष्ट करने की कोशिश की गयी उसके विरोध में सभी चिकित्सक बहुत आक्रोशित है। रेसिडेंट डॉक्टर के साथ घटी वीभत्स घटना की मुखर स्वर में घोर निंदा की एवं अपराधियों के लिये तुरंत फाँसी की सजा की माँग की तथा चिकित्सकों ने एकजुटता दिखाते हुए चिकित्सकों के कार्यस्थल पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की माँग की गयी । डॉ एस सी मित्तल अध्यक्ष ने आईएमए ने सभागार में पधारे समस्त चिकित्सकों एवं रेजिडेंट डॉक्टर्स का इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आभार व्यक्त किया साथ ही आईएमए अलवर द्वारा रेजिडेंट डॉक्टर्स, डेन्टल एसोसिएशन, नर्सिंग एसोसिएशनए फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन, मेडिकल सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव एसोसिएशन द्वारा भेजे गए समर्थन पत्र का स्वागत करते हुए कहा कि यदि हम एक दूसरे का सहयोग करेंगे तो निश्चित तौर पर संगठन को मजबूती मिलती है। इस मौके पर आईएमए अलवर अध्यक्ष डॉ. एससी मित्तल, सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी, कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव, रेजिडेंट डॉक्टर्स अध्यक्ष डॉ. रिषभ देव त्रिपाठी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुनील चौहान, पूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जैन, डॉ. प्रेम मित्तल, डॉ.हरीश गुप्ता, डॉ.सुनील चौहान, डॉण् जीसी मित्तल, डॉ. उदयभान यादव, डॉ.सुधीर गुप्ता, डॉ.दिलीप सेठी, डॉ.अखिलेश सक्सेना, डॉ.केसी गागल, डॉ.गोपाल गुप्ता, डॉ भूपेंद्र मीना, डॉ.राजेन्द्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में रेजिडेंट डॉक्टर्स, सरकारी एवं प्राइवेट डॉक्टर्स, अखिल भारतीय लेबोरेटरी टेकनीशियन कर्मचारी संघ राजस्थान ,नर्सिंग स्टाफ मेडिकल सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव एसोसिएशन ने अपने संगठित होने का परिचय दिया।

# बाड़ी क्षेत्र के बांधों में फिर पानी ओवरफ्लो

## पार्वती बांध के तीन गेटों से पानी की निकासी, तालाबशाही और रामसागर पर भी चली चादर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर (नि.स.)।** बाड़ी उपखंड में 24 घंटे में हुई जोरदार बारिश के कारण एक बार फिर से नदी-नाले उफान पर हैं और बांधों में भी पानी की लगातार आवक के चलते चादर चल रही है। क्षेत्र के सबसे बड़े पार्वती बांध के गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है, जिससे पार्वती नदी और बामनी नदी में उफान आ गया है। डांग क्षेत्र में कई रास्ते कट गए हैं, वहीं निचले इलाकों में पानी भरने की समस्या भी लगातार सामने आ रही है। प्रशासन और सिंचाई विभाग हर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।



**पार्वती बांध के गेट फिर से खुले :** उपखंड के सबसे बड़े पार्वती बांध के गेट खोलकर एक बार फिर से पानी की निकासी की जा रही है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार सिंघल ने बताया कि पार्वती बांध में लगातार पानी की आवक के चलते पानी की निकासी के लिए रात में चार गेट खोले गए थे, जिससे 4500 क्यूसेक पानी की निकासी की गई। सुबह के समय पानी की रफ्तार कम होने पर एक गेट को बंद कर दिया गया है। अब तीन गेट खोलकर 3400 क्यूसेक पानी निकाला जा रहा है। खोले गए गेट 10, 11 और 16 नंबर हैं।

अगर करौली क्षेत्र से पानी की आवक लगातार जारी रही और उसकी मात्रा बढ़ी, तो इन गेटों के अलावा और गेट भी खोले जा सकते हैं। वर्तमान में बांध का जलस्तर 223.20 मीटर बना हुआ है। सिंचाई विभाग की सहायक अभियंता संतोष सेन, जेईएन अमित गोयल, और अन्य कर्मचारी बांध पर तैनात हैं, जो स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। रामसागर और तालाबशाही बांध पर भी चादर बाड़ी के रामसागर और तालाबशाही बांध पर भी लगातार चादर चल रही है। रामसागर बांध पर जहां 9 इंच चादर बह रही है, वहीं तालाबशाही बांध पर भी करीब 6 इंच की चादर चल रही है। डांग क्षेत्र में कई रास्ते कटे, निचले इलाकों में भरा पानी क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण डांग क्षेत्र में कई गांवों के रास्ते कट गए हैं, जिनके लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। वहीं, निचले इलाकों में पानी भरने की समस्या बनी हुई है।

# एबीवीपी का ममता सरकार के खिलाफ पुरजोर विरोध प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अलवर द्वारा आरजी कार मेडिकल कॉलेज कोलकाता में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ हुए निर्मम दुष्कर्म का नंगली चौराहे पर छात्र शक्ति द्वारा पुरजोर विरोध किया गया और टीएमसी सरकार के खिलाफ़ प्रदर्शन किया गया। अभाविप अलवर के जिला संयोजक यशदीप शर्मा का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को शर्म करनी चाहिए कि वह स्वयं एक महिला हैं उसके बाबजूद भी वह महिलाओं का सम्मान करने से वंचित हैं । ना ही उनका दु:ख समझ रही हैं । गत दिनों वह संदेशखाली में हुई दुर्घटना पर भी मौन थी और आज इस प्रकार के निर्मम कांड पर भी चुप्पी साधे हुई हैं , कोलकाता के




मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म अत्यंत निंदनीय है ।अभाविप इसका विरोध करती है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग करती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले तो आरोपियों को बचाने का भरपूर प्रयास किया और बाद में अपने आप को बचाने के लिए खुद की ही सरकार से न्याय की मांग करती है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्र नेता अभिषेक जायसवाल नगर सह मंत्री पूजा चौधरी, इकाई अध्यक्ष विशाल हल्दीनिया, सचिन यादव छात्रनेता कुशल कश्यप, नमन तिवाड़ी, नितिन कुमार,मोहित सैनी, हेमंत शर्मा और वैभव शर्मा उपस्थित रहें।

# एसपी ने गर्ल्स स्कूल पहुंचकर शुरू कराया सफाई अभियान : प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्कूल के टीचर और छात्राओं ने निभाई भागीदारी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर एसपी सुमित मेहरड़ा ने शनिवार को लगातार चौथे सप्ताह शहर के गर्ल्स स्कूल में पहुंचकर सफाई अभियान शुरू किया। सफाई अभियान के दौरान स्कूल के शिक्षक और छात्राओं ने भी अपना योगदान दिया। राधा बिहारी मंदिर के पास स्थित गर्ल्स स्कूल में एसपी सुमित मेहरड़ा के साथ स्कूल टीचर और छात्राओं ने पूरे स्कूल परिसर में सफाई अभियान चलाया। एसपी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत और स्कूल टीचर्स ने छात्राओं के साथ मिलकर प्रार्थना स्थल की सफाई करते हुए झाड़ू लगाकर श्रमदान किया। स्कूल की व्याख्याता भगवान सिंह मीणा ने बताया कि स्कूल परिसर में 2 घंटे तक चलाए गए सफाई अभियान के बाद स्कूल की छात्रा प्रिया लवानियां के जन्मदिन के मौके पर वृक्षारोपण भी किया गया। नवाचार को लेकर एसपी ने बताया



कि लोगों को साफ सफाई का खुद भी ध्यान रखना होगा। जिससे धौलपुर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। एसपी ने कहा कि जो लोग कचरा साफ नहीं कर सकते। वह केवल अपने कचरे को डस्टबिन तक पहुंचाकर उनके अभियान में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं।

# सड़क क्रॉस कर रही बकरी को बचाने के चलते बाइक सवार दो चचेरे भाई घायल, गंभीर हालत में दोनों चचेरे भाइयों को घायलावस्था में किया जिला चिकित्सालय रेफर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले के आंगई थाना क्षेत्र में सड़क क्रॉस कर रही बकरी को बचाने के चलते आंगई बांध पर घूमने जा रहे बाइक सवार दो युवक अचानक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची आंगई थाना पुलिस ने हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए दोनों युवकों को 108 एम्बूलेंस के पायलट सौरभ मीणा एवं ईएमटी विजय मीणा की मदद से बाड़ी राजकीय सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया,जहां ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक डॉ कल्पना मित्तल ने तत्काल दोनों घायल युवकों को भर्ती कर उपचार शुरू किया,लेकिन दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देख ड्यूटी चिकित्सक डॉ कल्पना मित्तल ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय धौलपुर रेफर किया है। जानकारी के अनुसार नादनपुर थाना क्षेत्र के गांव कांकोर निवासी 22 वर्षीय बाइक चालक आकाश पुत्र दुर्ग सिंह कोली अपने 22 वर्षीय चचेरे भाई विकास पुत्र भरोसी कोली के साथ अपनी बाइक से आंगई बांध घूमने जा रहे थे,तभी अचानक आंगई बांध की पार पर सड़क क्रॉस कर रही बकरी को बचाने के चलते बाइक सवार दोनों चचेरे भाई घायल हुए हैं।जिन्हें नाजुक हालत में ड्यूटी चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार देकर जिला चिकित्सालय धौलपुर के लिए रेफर किया है।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने गुड़िया सहजन को सहेजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलने वाला राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने सहजन की जिंदगी को संवारा।ब्लाक मालाखेड़ा के खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.लोकेश मीणा ने बताया कि ब्लाक के अंतर्गत दो टीम कार्यरत हैं, जिस में टीम अ में कार्यरत डॉ.अनिल कुमार जैन व आशीष माण्डैया द्वारा शिवाजी पार्क-4 आंगनबाड़ी पर स्क्रीनिंग करने पर इस बच्ची को हृदय रोग से पीड़ित पाया गया।

टीम द्वारा रैफर कार्ड बना कर इण्डेस हास्पिटल में जांच के लिए भेजा। और उन्होंने 30 जुलाई को सहज बिटिया का सफल आपरेशन किया।सहज के पिता ने बताया कि बिटिया अब पूर्ण रूप से स्वस्थ है और उन्होंने सभी टीम सदस्यों का आभार व्यक्त किया।



टीम अ में कार्यरत डॉ.अनिल कुमार जैन ने बताया कि डॉ मंजू शर्मा जिला प्रजनन और शिशु स्वास्थ्य अधिकारी के अधीनस्थ जिले के सभी ब्लाक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत 1से 18 वर्ष तक के बच्चों का नि:शुल्क उपचार कराया जाता है,इस में दिल में छेद, होंठ या तालू का कटा होना,हाथ या पैर का मुड़ा हुआ होना,गूंगा. बहरा और अन्य बीमारी से ग्रस्त बच्चों का इलाज कराया जाता है,इस के लिए बच्चे का आंगनबाड़ी या सरकारी स्कूल या मदरसा में रजिस्ट्रेशन होना जरूरी होता है।

# नगर निगम का सफाई अभियान जारी, अवरुद्ध नालो को खुलवाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम की ओर से शनिवार को शहर के विभिन्न स्थानों पर अवरुद्ध नालों को खुलवाया गया। नगर निगम के आयुक्त डा. बजरंग सिंह चौहान ने बताया कि वार्ड नंबर 15 के खदाना मोहल्ले में क्रॉसिंग तोड़कर नाले की सफाई करवाई गई है। जिसके बाद अब यहां पर बरसाती पानी जमा नहीं होगा। इसके अलावा शिवाजी पार्क कॉलोनी में भी सीवरेज की लगातार शिकायतों के समाधान के लिए दिल्ली से अत्याधुनिक मशीन मंगाई जा रही है। नगर निगम की टीम द्वारा सामान्य चिकित्सालय और कई स्थानों पर सीवर जेट मशीन से सड़क के किनारे भरे पानी को हटवाया गया। गौरतलब है कि नगर निगम की ओर से बरसाती सीजन को देखते हुए नालों की सफाई हेतु अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था की गई है। जिसमें 6 जेसीबी और



18 ट्रैक्टर ट्राली से सफाई की जा रही है।

## कोटा में डॉक्टर्स संगठन ने निकाली रैली, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोलकाता में महिला डॉक्टर से रेप व हत्या को लेकर कोटा में डॉक्टर्स संगठनों ने आईएमए हॉल से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। कलेक्ट्रेट के बाहर बंगाल सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली में आईएमए, सेवारत चिकित्सक संघ, रेजिडेंट डॉक्टर्स, आरएमसीटी से जुड़े डॉक्टर शामिल हुए। डॉक्टरों ने पीएम व राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिया। बंगाल में हो रहे अन्याय को बंद करने की मांग की। पीड़ित परिवार को सम्मानजनक आर्थिक सहायता व संस्थानों में सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। आईएमए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. अशोक शारदा ने बताया- कोलकाता में महिला डॉक्टर से सामूहिक गैंग रेप हुआ। उसकी वहीं हत्या कर दी गई। हॉस्पिटल में डॉक्टर का मर्डर होना, उसे इलाज तक का मौका नहीं मिला। ऐसे दरिंदों को पश्चिम बंगाल की सरकार ने विदेश भगा दिया। जिस जगह रेप हुआ उस कमरे में तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई। सारे सबूत नष्ट कर दिए गए। उसके बाद शांति से प्रदर्शन करने वालों पर हमला करवाया गया। टेंट तंबू उखाड़कर उनसे मारपीट की गई। महिलाओं के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया। ऐसे घटनाओं को रोकने की जिम्मेदारी सरकार की है। घटना के विरोध में देशभर की 1782 आईएमए की ब्रांचों में रैली, प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। सब जगह बेसिक ओपीडी व रूटीन ऑपरेशन बंद है। कई स्टेट में तो कुछ जगहों पर इमरजेंसी भी बंद है। कोटा में भी सरकारी व निजी हॉस्पिटल की ओपीडी में आज 25 हजार मरीज प्रभावित हुए। करीब 200 से 250 रूटीन ऑपरेशन टाले गए है। कोटा में आईएमए के 1200 सदस्य है। संगठन से करीब 213 हॉस्पिटल जुड़े है। सभी हॉस्पिटल में ओपीडी बंद है। केवल इमरजेंसी सेवा चालू है। ताकि मरीजों को सुविधा न हो। हमारी मांग है की पीड़ित परिवार को सम्मान जनक आर्थिक सहायता, रेजिडेंट डॉक्टर के कार्य स्थल पर सुरक्षा, संस्थानों में सुरक्षा कानून लागू किया जाए।

## कैथून थाने का कॉन्स्टेबल ट्रेप, एसएचओ फरार, जमीन विवाद में कब्जा कराने की एवज में घूंस मांगी, 3 लाख लेते एसीबी ने पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** एंटी करप्शन ब्यूरो कोटा टीम ने कैथून में ट्रेप कार्रवाई की है। टीम ने कैथून थाने के कॉन्स्टेबल को 3 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। ट्रेप की भनक लगते ही थाने का एसएचओ फरार हो गया। कॉन्स्टेबल भरत राम जाट, जमीन विवाद में कब्जा दिलाने की एवज में परिवादी से एसएचओ के लिए रिश्वत की डिमांड कर रहा था। जिसके बाद कोटा की टीम ने कैथून जाकर ट्रेप कार्रवाई को अंजाम दिया। कार्रवाई में तीन घंटे से ज्यादा वक्त लगा। एडिशनल एसपी विजय स्वर्णकार ने बताया कि परिवादी ने कोटा एसीबी इकाई में धिकायत दी थी। जिसमें बताया कि जमीन विवाद में उसे उसकी जमीन पर कब्जा कराने की आवाज में कैथून थाना एसएचओ धनराज मीणा,कॉन्स्टेबल भरत कुमार जाट के जरिए 3 लाख की रिश्वत की डिमांड कर परेशान कर रहा है।परिवादी की शिकायत कर सत्यापन करवाया। इसके बाद आज टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपी कॉन्स्टेबल भरत कुमार जाट को 3 लाख की रिश्वत लेते हुए ट्रेप किया। ट्रेप की भनक लगते ही एसएचओ धनराज मीणा मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश जारी है।

## इन्द्रधनुष थीम पर मनाया लहरिया महोत्सव, सुरभि अग्रवाल बनी लहरिया क्वीन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अग्रवाल वैष्णव मोमीयान पंचायत महिला मण्डल द्वारा रामबिलास पैलेस झालावाड़ रोड़ पर इन्द्रधनुष परिधानों के साथ लहरिया महोत्सव मनाया गया। संस्था की अध्यक्ष शिखा मित्तल व सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि सभी महिलाएं इन्द्रधनुष के सात रंगों की तरह रंग बिरंगे परिधानों में खूब सज धज कर एवम सोलह श्रंगार करके आई। कार्यक्रम में 15 महिलाओं ने रैम्पवॉक किया। सावन के गानों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। सचिव सुनीता गोयल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सुरभि अग्रवाल हरियाली क्वीन बनी। वहीं रनर अप सावित्री गुप्ता रही। कपल गेम में प्रथम प्रदीप सीमा गुप्ता, द्वितीय नरेंद्र सुषमा मित्तल रहे। महिलाओं के गेम में प्रथम रीना सिंघल, द्वितीय शोभा गोयल रहे। बड़े बच्चों के गेम में प्रथम ईशान गर्ग व द्वितीय देवीका गर्ग रहे। छोटे के गेम में प्रथम नमन सिंघल, द्वितीय विजेता देवांग रहे। इन सभी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षिका सावित्री गुप्ता, सुशीला गर्ग, प्रमीला गर्ग, प्रीती अग्रवाल, मधु मित्तल, रानी गर्ग, कविता गर्ग, सुनीता कोयला वाली, रूपल मित्तल, मंजू, सरस्वती अग्रवाल, मीना मित्तल, माया अग्रवाल, रेणु गोयल, ममता बंसल, सुनीता मित्तल सहित अनेक महिलाऐं उपस्थित थी।

## जिला कलक्टर ने ली यूआईटी और नगर परिषद अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़,( नि.स. )।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने शनिवार को समिति कक्ष में यूआईटी सचिव एवं नगर परिषद आयुक्त, कार्मिकों की बैठक ली एवं यूआईटी द्वारा पट्टे के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी यूआईटी सचिव से ली। जिला कलक्टर ने यूआईटी सचिव से कहा कि वे अवैध कॉलोनियों एवं अवैध अतिक्रमण को हटाने की प्रभावी कार्रवाई करें। शहरी क्षेत्र में भारी वर्षा के दौरान जल भराव के स्थाई निष्कासन एवं सफाई व्यवस्था, ड्रेनेज आदि के संबंध में नगर परिषद आयुक्त ने जानकारी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर राकेश कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू. अ.) सुरेंद्र पुरोहित, यूआईटी सचिव राजेश मेवाड़ा, नगर परिषद आयुक्त रविन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## वासुदेव धाम श्रीराम मंदिर में हुआ रूद्राभिषेक सावन माह में अभिषेक का विशेष महत्व : बुद्धप्रकाश शास्त्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** रेलवे लोको कॉलोनी स्थित वासुदेव धाम श्रीराम मंदिर परिसर में सावन माह के अवसर पर रूद्राभिषेक किया गया। महिला मंडल की और से सुबह शुरू हुआ रुद्राभिषेक करीब चार घंटे चला जिसमें पंडित बुद्धि प्रकाश शास्त्री ने मंत्रोच्चार के साथ सभी को रूद्राभिषेक करवाया और महिलाओं ने जलाभिषेक व दुग्धाभिषेक किया। शास्त्री ने बताया कि सावन माह में रूद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है, भगवान शिव जल्दी प्रसन्न होते हैं और सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं। मंदिर परिसर में सावन माह में नियमित पूजा अर्चना की जा रही है। महिलाएं सुबह से ही पूजन अर्चन करती हैं, भोलेनाथ के गीत गाती है, प्रसाद वितरण होता है और उसके बाद भोलेनाथ के जयघोष लगाए जाते हैं।

# शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता है : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

## ● ऊर्जा मंत्री से मिले राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के पदाधिकारी

## ● संगठन के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी संवाद कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री से किया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से संपर्क एवं संवाद अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर जिला संयोजक नवल शर्मा, प्रदेश सचिव माध्यमिक शिक्षा देवकीनंदन सुमन , प्रदेश संयुक्त मंत्री गिरिजा सुमन,विभाग संगठन मंत्री रासबिहारी यादव, जिला संगठन मंत्री स्नेह कुमार शर्मा एवं रमा शर्मा ने ऊर्जा मंत्री नागर को संगठन के द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के निर्माता होते हैं। शिक्षक ही ज्ञान व सफलता का पहला आधार है। जिसकी अनुपस्थिति में सफल जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। शिक्षक ही हमारे सफलता की मजबूत नींव है। विद्यार्थी जीवन में शिक्षक का अत्यधिक महत्व होता है, क्योंकि शिक्षक ही हमारे ज्ञान और जीवन मूल्यों के आधार है। जिला संयोजक नवल शर्मा ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की स्थापना जयदेव पाठक द्वारा 1954 में की गई। आज संगठन प्रदेश के 50 जिलों और 394 उपशाखा स्तर तक पहुंच गया है। हमने सामाजिक परिवर्तन के पांच आयामों का संकल्प लिया है। जिनमें स्वदेशी, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक सद्भाव एवं पारिवारिक मूल्यों पर कार्य करते हुए सामाजिक परिवर्तन भारतीय संदर्भ में प्राप्त करेंगे। संगठन राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक, शिक्षक हित में समाज का ध्येय लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहा है। इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत जिले भर में संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा वृक्षारोपण किया गया। प्रदेश सचिव माध्यमिक देवकीनंदन सुमन ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय सबसे अधिक सदस्य संख्या के साथ प्रदेश के अन्य संगठनों की तुलना में बहुत आगे है। हमारी वर्तमान वर्ष 2024 - 25 के लिए सदस्यता संख्या लगभग 221000 है तथा कोटा जिले की सदस्यता 7000 से अधिक है। जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम में कोटा महानगर संयोजक राधेश्याम गौतम सहसंयोजक सत्येंद्र चौहान लाडपुरा संयोजक गिरिराज नागर सहसंयोजक चंद्र प्रकाश सुमन, चेतन श्रृंगी, दीपेश सेन देशराज सिंह हाडा,रश्मि तंवर, नीलम शर्मा, हेमंत शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## अनावश्यक चेकिंग के नाम पर धार्मिक यात्रा करने वाले यात्रियों को पुलिस द्वारा परेशान नही करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** रामदेव सेवा समिति द्वारा मुख्यमंत्री के नाम उपखंड कार्यालय में तहसीलदार जगदीशचंद्र बामनिया को ज्ञापन सौंप कर धार्मिक यात्रा कर रहे यात्रियों को अनावश्यक चेकिंग कर परेशान नहीं करने की मांग की गयी है।सनातन धर्म के पवित्र सावन भादवा महीने में श्रद्धालुओं द्वारा कावड़ यात्रा निकाली जाती है। रामदेवरा, खाटूश्याम, सांवरियाजी,चारभुजाजी के दर्शनार्थ हजारों यात्री अपने वाहनों से यात्रा करते हैं।इन यात्रियों को पुलिस द्वारा कई स्थानों पर चेकिंग कर उनके चालान बनाकर अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संदर्भ में रामदेव सेवा समिति के अध्यक्ष भागीरथ चंदेल,सोहनलाल कुमावत,देवेंद्र त्रिपाठी, भेरूलाल कुमावत,राजकुमार चंदेल,नारायण खटीक,पुखराज चंदेल,गणेश सुथार,रघुनंदन लोहार आदि कार्यकर्ताओं द्वारा तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर धार्मिक यात्रा कर रहे लोगों को चेकिंग के नाम पर चालान काटकर अनावश्यक प्रताड़ित नहीं करने की मांग की गयी है।

ज्ञापन में बताया कि मध्यप्रदेश मालवा से रोजाना हजारों यात्री सांवरियाजी ,शनिमहाराज दर्शन करते हुए कपासन मार्ग से रामदेवरा जाते हैं।जिनको कपासन पुलिस द्वारा चेकिंग करने के नाम पर चालान बनाकर प्रताड़ित किया जा रहा है। जिससे आमजन में रोष व्याप्त है।

## श्याम प्रेमी भूपेंद्र राठौर का किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** श्याम प्रेमी भूपेंद्र राठौर को झालरापाटन से खाटू श्यामजी तक पैदल यात्रा कर वापस झालरापाटन सकुशल पहुंचने पर श्री श्याम मंदिर विकास समिति के सदस्यों द्वारा उनका पुष्पमाला पहनाकर और साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया और ढोल बाजे के साथ उन्हें घर तक पहुंचाया और उनसे यात्रा की जानकारी ली। स्वागत करने नंदकीशोर मंडोत,मुकेश चौरसिया,जुगराज झाला,नरेश कुशवाह,राम शर्मा,राकेश कुशवाह,कमल खमोरा,ओमप्रकाश गुप्ता,दीपक कुशवाह,मनीष पोरवाल,लोकेंद्र सोलंकी, हितेश गुप्ता,सोनू सेन,हिमांशु नामदेव,मनोज पुष्पद,विशाल नामदेव,सतीश सभी श्याम परिवार के सदस्य पहुंचे।

## स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कपासन में नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली शो के माध्यम से लोगो को जागरूक किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान में आईईसी इनफॉरमेशन एजुकेशन एंड कम्युनिकेशन के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली शो के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर ने बताया कि नगर पालिका द्वारा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान व सिंगल यूज प्लास्टिक बेन को लेकर नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली शो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।यहां नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड व गली मोहल्ले,स्कूल में नुक्कड़ नाटक व कठपुतली शो के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया।इस दौरान नगर को स्वच्छ रखने संबंधी जानकारी दी गयी।जिसमें आमजन को घरों में सूखे व गीले कचरे हेतु नीली व हरे डस्टबिन का उपयोग करना,कचरा पृथक्करण कर डिस्पोजल करने के लिए घर के बाहर आने वाले कचरा वाहन में डालने का संदेश दिया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से वातावरण को हो रहे नुकसान की जानकारी देते हुवे पोलीथीन की थैलियों का त्याग कर कपड़े व कागज की थैलियों का उपयोग करने हेतु जागरूक किया तथा लोगो को स्वच्छता ऐप की जानकारी दी गयी। इस दौरान स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा कोदली, एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग,प्राची डीडवानीया, सुनीता शर्मा,एलडीसी सचिन सोनवाल, जमादार सत्यनारायण बेनीवाल, राजकुमार खटीक आदि नपा कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## महिलाओं के उत्थान के लिए होंगे विशेष आयोजन पूनम मेवाड़ा बनी मेवाड़ा कलाल संस्था महिला मंडल की अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** मेवाड़ा कलाल संस्था कोटा द्वारा देवली अरब रोड स्थित रिसोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में पूनम मेवाड़ा को महिला मंडल का अध्यक्ष चुना गया है।मेवाड़ा कलाल संस्था के अध्यक्ष विकास मेवाड़ा ने कहा पूनम मेवाड़ा 150 वर्ष पुरानी मेवाड़ा कलाल संस्था की प्रथम संस्थापक अध्यक्ष बनी है। पहली बार महिलाओं के लिए अलग से महिला मंडल बनाया गया है, इसमें महिलाओं के उत्थान के लिए महिला मंडल कार्य करेगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष पूनम मेवाडा ने कहा कि आगामी समय में मेवाडा कलाल संस्था महिला मंडल हर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करेगा, इसके साथ ही समाज के उत्थान के लिए भी प्रयास होगा। निर्धन महिला को संबल प्रदान किया जाएगा तो उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इस अवसर पर बीजेपी महिला मोर्चा दादाबाड़ी मंडल अध्यक्ष जैस्मिन मेवाड़ा, अरुणा मेवाड़ा, राजेश मेवाड़ा, अंजू मेवाड़ा, अमिता मेवाड़ा, ज्ञाना मेवाड़ा, रीता मेवाड़ा, ज्योति मेवाडा, विभा वर्मा, रेनू मालवीय, ममता सरोजा, कमलेश मेवाड़ा, सरिता मेवाड़ा, नेहा मेवाड़ा, सरोजा एवं मेवाड़ा कलाल संस्था के समस्त पदाधिकारी सदस्य महिलाओं ने बधाई दी। इस अवसर पर महिला कलाल संस्था के संयोजक महेंद्र मेवाड़ा, मंत्री रामचंद्र मेवाड़ा, वरिष्ठ सदस्य रमेश सरोजा, मधुसूदन मेवाड़ा, ब्रजराज मेवाड़ा रामेश्वर सरोजा, प्रमोद सरोजा, अखिलेश मेवाड़ा, दुर्गा शंकर मेवाड़ा, आदि गण मान्य सदस्य उपस्थित थे।

## कोलकाता की घटना पर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान




**अंता ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अंता इकाई द्वारा पश्चिम बंगाल के कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना को लेकर नगर मंत्री अंशुल नागर के नेतृत्व में पोस्ट ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया गया। नगर मंत्री अंशुल नागर ने बताया कि पश्चिम बंगाल में गत अनेकों माह से महिला सुरक्षा से संबंधित घटनाएं हो रही है, ऐसे दुष्कर्मों में संलिप्त लोगों को बचाने का प्रयास पश्चिम बंगाल की ममता सरकार कर रही है, टीएमसी के गुंडों द्वारा भी ऐसे अनेको दुष्कर्म पूर्व में किए गए परन्तु उनके विरुद्ध में कोई भी कार्यवाही ममता सरकार द्वारा नही की गई। 15 अगस्त को पूरा देश स्वाधीनता दिवस मना रहा था वही कोलकाता में मेडिकल कॉलेज में दुष्कर्म की घटना ,मानवता को शर्मसार करती है, विद्यार्थी परिषद केंद्र सरकार से मांग करती है आरोपियों खिलाफ कार्यवाही कर फाँसी की सजा दी जाए.प्रदर्शन में पूर्व नगर मंत्री शुभम सैनी,नगर सह मंत्री रघुनंदन मेहरा , नगर खेल सयोंजक सुनील गौड़, रामावतार गुर्जर, मिथलेश कुमावत, महावीर सुमन, शिवम नागर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य के लिए उपखंड स्तर पर पार्षद सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** 78 वे स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 63 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर परमाणू बिजलीघर की आवासीय अणु प्रताप कॉलोनी के निवासी नगरपालिका रावतभाटा के वार्ड नं 25 से पार्षद मनीष गिरी को उनके द्वारा समाजसेवा में पिछले 5 वर्षो से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हे रावतभाटा नगर पालिका अध्यक्षा, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी,नगर मंडल अध्यक्ष,अतिरिक्त जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी,तहसीलदार,एएसपी, डीवाईएसपी,सीआई के हाथों से दिया गया सम्मानित किए जाने पर पार्षद मनीष गिरी ने खुशी जाहिर करते हुए बताया की इस तरह के सम्मान पाने से जीवन मे अधिक से अधिक सेवा कार्य करने की ताकत मिलती हैं । शहर के बड़े बड़े प्रशासनिक अधिकारियों के हाथो से सम्मानित होना बड़े गर्व की बात होती हैं ।

## सालासर धाम मल्टी स्टोरी में विद्युत तारों से जान का खतरा मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में संचालित समिति नहीं दे रही ध्यान

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** देवली अरब रोड बोरखेड़ा कोटा में स्थित सालासर धाम मल्टी स्टोरी बिल्डिंग में गत 25 दिनों से सोसाइटी के अंदर मुख्य रास्ते पर थ्री फेस विद्युत लाइन खुली पड़ी है, जिससे वहां रहने वाले और आने जाने वालों को जान का खतरा बना हुआ है। इसकी शिकायत स्थानीय निवासियों ने अध्यक्ष गीता गुप्ता एवं महासचिव मनीष माथुर को भी कर दी लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। स्थानीय निवासी सुरेश व्यास ने बताया कि बरसात का मौसम हैं और बच्चें भी मल्टी में खेलते रहते हैं, ऐसे में यहां कभी भी बडा हादसा हो सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से हस्तक्षेप कर इस खुली पड़ी विद्युत लाइन को ठीक कर अंडरग्राउंड करने की मांग की है। बिल्डर एवं समिति सदस्यों को पाबंद करने की मांग की है कि वह शीघ्र ही इस गंभीर समस्या का समाधान करें ताकी लोगों की जान से खिलवाड नहीं हो।

## संभागीय आयुक्त ने चिकित्सालयों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने शनिवार को मेडिकल कॉलेज, एमबीएस अस्पताल एवं जेके लोन चिकित्सालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने तीनों चिकित्सालयों के अधीक्षकों को निर्देश दिए कि रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल के चलते चिकित्सा व्यवस्थाएं सुचारू रहें, यह सुनिश्चित किया जाए।मरीजों को किसी तरह की असुविधा न होने पाए।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# आपसी कहासुनी में दो पक्षों में झगड़ा : एक युवक की मौत के बाद लोग सड़कों पर उतरे

## एक आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर थाना इलाके में शुक्रवार देर स्कूटी और ई- रिक्शा की भिड़ंत के बाद दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। इस झगड़े में गंभीर घायल की तबीयत बिगडने से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद शनिवार सुबह इलाके में आक्रोश का माहौल हो गया और काफी संख्या में लोग घटना के विरोध में सड़कों पर उतर गए और शास्त्री नगर थाने का घेराव किया। इधर माहौल बिगड़ता हुआ देखकर पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी लोगों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह की अफवाहों में पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। उधर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित युवक की गिरफ्तारी भी हुई है। बाकी दो युवकों की तलाश जारी है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि शुक्रवार देर रात की है। जहां ई-रिक्शा सवार तीन युवक और स्कूटी सवार दो युवकों के बीच गाड़ी आगे-पीछे करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। ई-रिक्शा पर आजाद नगर निवासी शाहरूख (23) के साथ दो अन्य युवक थे। इसी तरह स्कूटी पर दिनेश स्वामी (36) और जितेंद्र सवार थे। बात इतनी बढ़ गई कि ई-रिक्शा सवार युवकों ने स्कूटी सवार युवकों से मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान दिनेश स्वामी (36) नीचे गिर गया,जिससे उसकी कोहनी पर चोट आई। आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव करते हुए मामला शांत करवाया। इसके बाद दोनों पक्ष मौके से निकल गए। घर जाने के बाद दिनेश स्वामी को बेचैनी होने लगी। उसे कांवटिया हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद जितेन्द्र ने उसके परिवार और पुलिस को घटना को लेकर जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर शास्त्री नगर थाना पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू की। फिलहाल मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है। साथ पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत का कारण सामने आएगा। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया है। बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि ई- रिक्शा चालकों में से तीन लोगों को आईडेंटिफाई कर लिया गया है। उनमें से एक आरोपित शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया गया है और दो अन्य आरोपितो की तलाश की जा रही है।

## आक्रोशित भीड़ ने थाने का किया घेराव





### डीसीपी राशि डोगरा और विधायक गोपाल शर्मा की नोकझोंक

इस दौरान बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा थाने में बैठे थे। पुलिस की सख्ती की जानकारी मिलते ही गोपाल शर्मा थाने से बाहर आए। इस दौरान पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर बजरंग सिंह शेखावत ने उन्हें रास्ते में रोकने की कोशिश की। डीसीपी राशि डोगरा से विधायक गोपाल शर्मा से नोकझोंक भी हुई। पुलिस के इस रवैये के विरोध में विधायक धरने पर बैठ गए। कुछ देर बाद पुलिस अधिकारियों ने मामला संभाला, तब जाकर विधायक गोपाल शर्मा धरने से उठे। फिलहाल पूरा इलाका छावनी में तब्दील कर दिया गया है। इस दौरान किशनपोल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्र मनोहर बटवाड़ा समेत कई जनप्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे। पुलिस के आला अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। वहीं भाजपा नेता चंद्र मनोहर बटवारा ने बताया कि बदमाश आए दिन कोई ना कोई वारदात करते रहते हैं। रात को युवक की हत्या कर दी। इस अपराध के लिए कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। पीड़ित परिवार को जीवन व्यापन के लिए आवश्यक संसाधन और मुआवजा दिलवाने का प्रयास करेंगे।

### आक्रोशित भीड़ ने किया शास्त्री नगर थाने का घेराव

घटना के बाद से ही इलाके में लोगों में आक्रोश का माहौल हो गया। घटना के विरोध में शनिवार सुबह काफी संख्या में लोग मृतक के परिजनों के साथ शास्त्री नगर थाने का घेराव कर धरने पर बैठ गए। बाजार बंद करवाने की कोशिश कर टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया। कोई कार्रवाई नहीं होते देख प्रदर्शनकारियों ने थाने के पास ही सर्किल के आसपास की दुकानें बंद करानी शुरू कर दीं। इसकी भनक पुलिस को लगी। बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी गए और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ना शुरू किया।

# कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस पटरी से उतरी

## आईबी की टीम मौके पर पहुंची, पुलिस जांच भी शुरू; रेलमंत्री बोले- ट्रेन भारी चीज से टकराई



बढ़ता राजस्थान (एजेंसी)

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में साबरमती एक्सप्रेस (19168) पटरी से उतर गई। 22 डिब्बे डिरेल हुए हैं। ट्रेन वाराणसी से अहमदाबाद जा रही थी। गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। कुछ यात्री घायल हुए हैं। हादसा देर रात 2.35 बजे कानपुर शहर से 11 किमी दूर भीमसेन और गोविंदपुरी स्टेशन के बीच हुआ। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- ट्रेन का इंजन पटरी पर रखी किसी भारी चीज से टकराया। इंजन पर टकराने के निशान हैं। सबूत सुरक्षित रखे गए हैं। आईबी और यूपी पुलिस जांच कर रही है। नॉर्दन सेंट्रल रेलवे के त्तरूउपेंद्र चंद्र जोशी ने कहा- यह तय है कि हादसा इंजन के किसी चीज से टकराने से हुआ है। मौके पर कोई चीज नहीं मिली है। हादसे के वक्त ट्रेन की स्पीड 70 से 80 के बीच थी। एक पहिया उतरते ही प्रेशर कम हुआ। ड्राइवर ने वक्त रहते इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए, जिस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा- दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। कानपुर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों से पूछताछ की। पटरी के टुकड़े को भी देखा। आशंका जताई जा रही है कि इसी टुकड़े को पटरी पर रखा गया था, जिस वजह से ट्रेन डिरेल हुई। हादसे से पटरियां उखड़ गईं। लोहे की क्लिप उखड़कर दूर जा गिरी।

रेल अफसरों ने बताया- हादसे से 1 घंटे 20 मिनट पहले पटना-इंदौर एक्सप्रेस ट्रैक से गुजरी थी, तब तक ट्रैक सुरक्षित था। हादसे के बाद 16 ट्रेनों को रद्द किया गया। 10 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। रेलवे का कहना है कि 24 घंटे में ट्रैक क्लियर कर देंगे।

# इसरो बोला- गगनयान की पहली टेस्ट फ्लाइट दिसंबर में

## जी1 रॉकेट के हार्डवेयर श्रीहरिकोटा पहुंचे, त्रिवेंद्रम में क्रू-मॉड्यूल पर काम जारी




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन की पहली टेस्ट फ्लाइट इस साल दिसंबर में लॉन्च करेगा। इसमें इंसान को नहीं भेजा जाएगा। मिशन की दूसरी फ्लाइट में रोबोट व्योम मित्र और तीसरी उड़ान में चार अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जाएगा। इसरो ने अभी दूसरी और तीसरी उड़ान का समय नहीं बताया है।

इसरो चेयरमैन एस. सोमनाथ ने बताया- मिशन के रॉकेट के हार्डवेयर श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर पहुंच चुके हैं। वहीं त्रिवेंद्रम के विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में क्रू-मॉड्यूल पर काम जारी है। उम्मीद है कि नवंबर तक यह काम पूरा हो जाएगा। गगनयान का मानव मिशन 3 दिनों का होगा, जिसके तहत एस्ट्रोनॉट्स के दल को 400 चरू ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजा जाएगा। इसके बाद करू मॉड्यूल (जिसमें एस्ट्रोनॉट बैठते हैं) को सुरक्षित रूप से समुद्र में लैंड कराया जाएगा। भारत इस मिशन में कामयाब रहा तो वह ऐसा करने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले अमेरिका, चीन और रूस ऐसा कर चुके हैं।

### गगनयान मिशन के एस्ट्रोनॉट्स की ट्रेनिंग जारी, योग करते दिखे

**15 अगस्त को इसरो ने गगनयान मिशन के एस्ट्रोनॉट्स की ट्रेनिंग का एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में दिख रहा है कि एस्ट्रोनॉट्स को स्पेस जैसी एक सिमुलेटेड कंडीशन में ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्वीटर पर यह वीडियो शेयर किया था। वीडियो में एस्ट्रोनॉट्स स्पेस मॉड्यूल के भीतर योग कर रहे हैं। उन्हें अंतरिक्ष यान, जीरो ग्रेविटी और स्पेस में आने वाली अन्य चुनौतियों के हिसाब से ट्रेनिंग की जा रही है। 23 अगस्त 2024 को भारत नेशनल स्पेस डे मनाएगा। इसी दिन पिछले साल इसरो का चंद्रयान-3 चांद के साउथ पोल पास उतरा था। पूरे देश में नेशनल स्पेस डे की तैयारियां चल रही हैं। इसरो चीफ डॉ. एस सोमनाथ ने देशभर के लोगों से इस सेलिब्रेशन में भाग लेने की अपील की है।**

# राजस्थान के स्कूलों में कैंची-चाकू लेकर जाने पर लगा बैन

## शिक्षा विभाग ने जारी की गाइडलाइन, स्टूडेंट्स का बैग चेक करेंगे टीचर्स

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/बीकानेर।** उदयपुर के स्कूल में हुए हिंसक घटनाक्रम के बाद अब शिक्षा विभाग एक्टिव मोड में आ गया है। शनिवार को शिक्षा विभाग ने स्कूलों में स्टूडेंट्स को लेकर गाइडलाइन जारी की है। इसके बाद अब स्टूडेंट्स स्कूल में धारदार हथियार, चाकू, कैंची, छुरी के साथ ही किसी तरह की नुकीली वस्तु लेकर नहीं जा सकेंगे। इसको लेकर टीचर्स द्वारा भी लगातार स्टूडेंट्स को गाइड करने के साथ स्कूल बैग की चेकिंग भी की जाएगी। अगर इसके बावजूद किसी स्टूडेंट द्वारा लापरवाही की जाती है। स्कूल उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा।

### स्कूल के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक सूचना लगाई जाएगी

माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने बताया कि परिवार अपने बच्चों को स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं। ऐसे में स्टूडेंट्स के लिए स्कूल सबसे सुरक्षित स्थान होना चाहिए। किसी तरह की हिंसा नहीं होनी चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने यह गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत स्कूल में किसी तरह के नुकीले या धारदार उपकरण का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। नई गाइडलाइन को लेकर न सिर्फ स्कूल के नोटिस बोर्ड पर सार्वजनिक सूचना लगाई जाएगी। बल्कि, प्रार्थना सभा में भी टीचर्स स्टूडेंट को लगातार यह गाइडलाइन बताएंगे। ताकि प्रदेशभर के स्कूलों में किसी तरह के हिंसक घटनाक्रम को रोक जा सके।

### बच्चों पर निगरानी रखेंगे टीचर्स

मोदी ने कहा कि टीचर्स द्वारा रैंडमली स्टूडेंट्स की चेकिंग की जाएगी। उनके स्कूल बैग भी चेक किए जाएंगे। ऐसे में अगर उनके पास से किसी भी तरह का नुकीला या फिर नुकसान करने वाला सामान मिलता है। उनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। इसके साथ ही अगर स्कूल टीचर को बच्चों के व्यवहार में अचानक परिवर्तन लगता है। उनकी निगरानी और काउंसलिंग करेंगे। उनके पेरेंट्स को भी इसकी जानकारी देंगे। मोदी ने कहा कि न सिर्फ टीचर्स बल्कि पेरेंट्स भी अपने बच्चों के स्कूल बैग की रैंडम चेकिंग करें। उनसे बातचीत कर उनके व्यवहार को समझे। क्योंकि यह बच्चों के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है।

**गाइडलाइन को लागू करना टीचर्स की जिम्मेदारी**-शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- गाइडलाइन को लागू करना सभी टीचर्स की जिम्मेदारी होगा। ऐसे में अगर कोई स्टूडेंट लापरवाही बरतता है। तो पहले टीचर्स उसके पेरेंट्स को इसकी जानकारी देंगे। अगर इसके बाद भी सुधार नहीं होता है। तो स्टूडेंट के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

# ठेहट गैंग के हिस्ट्रीशीटर से कहलवाया- पुलिस हमारी बाप : ऐसी गलती नहीं होगी, एक बार माफ कर दो

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ठेहट गैंग के हिस्ट्रीशीटर उजागर सिंह से पुलिस हमारी बाप है कहलवाना कमिश्नरेट स्पेशल टीम के आठ पुलिसकर्मियों को भारी पड़ा है। इनमें से तीन को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि पांच को लाइन हाजिर किया गया है। जयपुर के चित्रकूट थाने में उजागर सिंह से पूछताछ के दौरान हाथ ऊपर करवाए गए और ताली बजाते हुए पुलिस वालों ने वीडियो बनाए थे। वीडियो सामने आने के बाद हिस्ट्रीशीटर की पत्नी ने शिकायत की, जिसके बाद दो अगस्त को कार्रवाई हुई है।

### 13 जून को किया गया था गिरफ्तार

जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने 13 जून को राजू ठेहठ गैंग से जुड़े हिस्ट्रशीटर उजागर सिंह और उसके साथी पृथ्वीराज को गिरफ्तार किया था। उजागर सिंह सीकर के पाटन का रहने वाला है। सीएसटी को सूचना मिली थी कि झोटवाड़ा थाने के हिस्ट्रीशीटर उजागर सिंह पिछले दो साल से जवाहर सर्किल थाने के मामले में फरार चल रहा है। डीसीपी ईस्ट व वेस्ट की ओर से उजागर सिंह पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित है। वह कालवाड़ रोड स्थित रॉयल सिटी के फ्लैट में किराए पर रह रहा था। ष्टस्ञ्ज टीम ने दबिश देकर उजागर सिंह और उसके साथी पृथ्वीराज को पकड़ा। तलाशी में दोनों बदमाशों के पास से 3 पिस्टल, 2 देसी कट्टा व 15 कारतूस मिले था।

### तीन पुलिसकर्मी सस्पेंड, पांच लाइन हाजिर



बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में हेलमेट पहनकर पढ़ने पहुंचे स्टूडेंट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर में बारिश के बाद हालात खराब हो चुके हैं। राजस्थान यूनिवर्सिटी में भी हालत खराब नजर आ रहे हैं। यहां बारिश के बाद पानी के साथ प्लास्टर भी गिरने लगा है। इसकी वजह से डर कर स्टूडेंट्स अब हेलमेट लगाकर पढ़ने को मजबूर हैं। दरअसल, राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में हालात पूरी तरह से बिगड़ चुके हैं। बारिश के बाद पूरे कैंपस में छतों से पानी टपक रहा है। दीवारों में सीलन आ चुकी है। छत से प्लास्टर गिर रहा है। लेकिन शासन और प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके बाद यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स अब हेलमेट लगाकर खुद की जान बचा रहे हैं।

### 5 साल से इसी तरह के हालात

राजस्थान यूनिवर्सिटी के फाइन आर्ट डिपार्टमेंट में पढ़ने वाले राहुल ने कहा- इस पूरे डिपार्टमेंट में पिछले 5 साल से इसी तरह के हालात हैं। हर साल बारिश के सीजन में इसी तरह दीवारों से पानी गिरने लगता है। कभी छत का प्लास्टर तो कभी दीवार ही गिर जाती है।

इस बार भी बारिश के सीजन में लगातार छत से प्लास्टर गिर रहा है। लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन इस और ध्यान नहीं दे रहा है। इसकी वजह से छात्र अपनी जान जोखिम में डाल पढ़ने को मजबूर हैं।

हालात इतने बिगड़ गए हैं कि प्रोफेसर्स के ऑफिस तक में फॉल सीलिंग गिर गई। गनीमत यह रही कि उसे वक्त वह मौजूद नहीं थे। वरना बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। इससे डरकर अब तो स्टूडेंट भी हेलमेट लगाकर पढ़ने को मजबूर हैं। ताकि किसी भी हादसे से खुद को सुरक्षित रख सके।

### छत गिर रही, दीवारों से भी करंट आने लगा

आर्ट डिपार्टमेंट की स्टूडेंट दीपाली ने कहा- हमें यहां आने से भी डर लगता है। पूरी बिल्डिंग से पानी गिरता रहता है। दीवारों का चूना झड़ने लगा है। जगह-जगह छत गिर रही है, अब तो दीवारों से भी करंट आने लगा है। ऐसे में इस पूरे कैंपस में आने से ही डर लगता है। लेकिन मजबूरी में हर दिन अपनी जान जोखिम में डाल हम यहां पढ़ने आते हैं। क्योंकि यूनिवर्सिटी प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। उन्हें यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट और पढ़ाने वाले प्रोफेसर की जान की कोई चिंता नहीं है। वह लोग तो न जाने कहां मशगूल है। जो बदहाल हो चुके कैंपस और स्टूडेंट्स की सुध लेने तक नहीं आए हैं। जबकि बारिश के इस सीजन में हमारे डिपार्टमेंट में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा बार छत और दीवार गिर चुकी है।